दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 329
कोटद्वार मंगलवार
11 अप्रैल 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## हर तीर्थयात्री हमारा ब्रांड एंबेसडर: राज्यपाल

**देहरादून ।** चारधाम यात्रा के लिए 12 लाख से अधिक लोग पंजीकरण करा चुके हैं। वहीं हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए भी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, अब तक दो हजार लोगों ने पंजीकरण कराया है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने सोमवार को शासन के अधिकारियों के साथ चारधाम यात्रा की तैयारियों के संबंध में बैठक ली।

राज्यपाल ने कहा, चारधाम यात्रा उत्तराखंड की सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्था की पहचान है। यात्रा को सहज, सुगम और व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए विभागों सहित सभी हितधारकों का आपसी समन्वय जरूरी है। राज्यपाल ने कहा, यह नौ से पांच की ड्यूटी नहीं है, इसमें हर अधिकारी एवं कर्मचारी को पूरे समर्पण भाव से काम करना होगा। उन्होंने कहा यात्रा को लेकर पिछले वर्षों के अनुभवों से सीख लेते हुए हमारे लिए इस वर्ष सभी चुनौतियों से निबटने का प्लान तैयार करना जरूरी है। हर विभाग को यात्रियों और आमजन के संपर्क में सबसे पहले आने वाले कर्मचारियों को चिन्हित कर उन्हें प्रशिक्षित करना चाहिए।

उन्होंने कहा, चारधाम यात्रा के दौरान हमें अपनी सेवाओं में लगातार वैल्यू एडिशन करना होगा। इसके साथ नई तकनीकी का प्रयोग हो, जिससे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन, मोबाइल एप आदि के माध्यम से यात्रियों को सुविधाएं दी जाएं। बैठक में राज्यपाल ने चारधाम यात्रा से जुड़े विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारियों, पर्यटन विभाग, लोक निर्माण, पुलिस, परिवहन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, चिकित्सा, शहरी विकास, पेयजल, आपदा प्रबंधन, नागरिक उड्डयन, पशुपालन सहित अन्य विभागों की वर्तमान तक की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। विभागीय अधिकारियों ने बताया सभी तैयारियां यात्रा शुरू होने से पहले सुनिश्चित कर ली जाएंगी। बैठक में प्रमुख सचिव आरके.सुधांशु, सचिव नितेश कुमार झा, सचिव राज्यपाल रविनाथ रमन, सचिव दिलीप जावलकर, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर डॉ.वी मुरूगेशन, आईजी गढ़वाल केएस.नागन्याल, अपर सचिव नितिन सिंह भदौरिया, निदेशक शहरी विकास नवनीत पांडे आदि मौजूद रहे।बैठक में सचिव परिवहन अरविंद सिंह ह्यांकी ने बताया, यात्रा के दौरान लगभग 1600 बसों को चिन्हित किया गया है, इसके अलावा 300 अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की जा रही है। यात्रा मार्ग पर चलने वाले सभी वाहनों को फिटनेस ग्रीन कार्ड जारी किए जा रहे हैं।

सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर राजेश कुमार ने बताया, यात्रा मार्गों में हेल्थ एटीएम स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें 72 तरह की जांच सुविधा उपलब्ध रहेंगी। स्थानीय स्तर पर लोगों को स्वास्थ्य मित्र का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो होटल आदि में ठहरने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की इमरजेंसी होने पर सहायता करेंगे।

अपर सचिव नागरिक उड्डयन विभाग सी.रविशंकर ने बताया कि चारधाम यात्रा के लिए नौ ऑपरेटर्स की हेली सेवाएं ली जा रही हैं, जिनकी दरें निश्चित कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि आईआरसीटी के माध्यम से भी हेली सेवाओं की ऑनलाइन बुकिंग की जा रही है। हेली बुकिंग से संबंधित शिकायत निवारण प्रक्रिया के लिए नोडल अधिकारी की तैनाती की जा रही है।अपर सचिव पर्यटन पूजा गर्ब्याल ने बताया, इस वर्ष

### हेमकुंड साहिब के लिए भी पंजीकरण शुरू



फरवरी से ही ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया गया है। धामों में दर्शन के लिए टोकन व्यवस्था की शुरूआत की जाएगी, जिससे दर्शन के दौरान अनावश्यक भीड़ से बचा जा सकेगा।जीएमवीएन के प्रबंध निदेशक विनोद गिरी गोस्वामी ने बताया, जीएमवीएन की ओर से अस्थायी टेंट कॉलोनियों का निर्माण किया जा रहा है। यात्रा में आने वाले पर्यटकों के लिए 14 टूर पैकेज बनाए गए हैं। वर्षभर चलने वाले टीआरएच में आने वाले यात्रियों को उपहार स्वरूप स्थानीय उत्पाद दिए जाएंगे। जिससे यात्री यहां से अच्छी यादें लेकर जाएं।

## तमिलनाडु के सलेम रेलवे जंक्शन पर वंदे भारत के ऊपर लोगों ने बरसाए फूल, पीएम बोले– शानदार स्वागत!

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** भारतीय रेलवे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत में वंदे भारत एक्सप्रेस की उपस्थिति का विस्तार करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को तमिलनाडु में वंदे भारत एक्सप्रेस का आगाज हुआ है। इस मौके पर राज्य के सलेम रेलवे जंक्शन पर पहुंचकर वहां के लोगों ने वंदे भारत का भव्य स्वागत किया।

तमिलनाडु में पत्र सूचना कार्यालय के ट्वीट के जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर लोगों के हसील्लास की जमकर तारीफ की। पीएम ने सलेम में 'वंदे भारत एक्सप्रेस' का उत्साहपूर्वक स्वागत करते हुए लोगों का एक वीडियो साझा किया। इस वीडियो में, भीड़ ने वंदे भारत एक्सप्रेस पर ढेर सारे फूल बरसाए। यही नहीं, वहां मौजूद लोगों को "भारत माता की जय" के नारे लगाते हुए देखा जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सलेम रेलवे जंक्शन पहुंचने पर लोगों द्वारा वंदे भारत का शानदार स्वागत किये जाने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत के लोगों के गौरव को दर्शाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का अलग–अलग जगहों पर इस तरह का उत्साह आमतौर पर देखा जाता है।

## बागेश्वर में मिला कोविड पॉजिटिव मरीज, आइसोलेट किया

**बागेश्वर।** जनपद में एक कोविड मरीज मिला है। कोरोना पॉजिटिव मिलने के बाद उसे स्वास्थ्य विभाग ने आइसोलेट कर दिया है। इधर कोविड पॉजिटिव मरीज आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। जनपद में लगभग दो साल बाद कोई कोविड मरीज का पॉजिटिव आने का मामला प्रकाश में नहीं आया। सोमवार को कांडा तहसील का एक युवक जिला चिकित्सालय में आया तथा लंबे समय से खांसी, बुखार आदि की शिकायत की। लक्षण कोरोना के पाए जाने पर उसका कोविड परीक्षण कराया तो एंटीजन जांच में उसे कोरोना पॉजिटिव पाया गया। रिपोर्ट पॉजिटिव आते ही उसे तुरंत आइसोलेट कर दिया गया है। इधर कोरोना पॉजिटिव मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

## धरासू बैंड के पास अगले तीन दिन बंद रहेगा यातायात

**उत्तरकाशी।** गंगोत्री व यमुनोत्री हाईवे पर धरासू बैंड के पास अगले तीन दिन (मंगलवार से बृहस्पतिवार तक) 10 घंटे यातायात बंद रहेगा। चारधाम यात्रा को देखते हुए हाईवे के इस हिस्से में जमा मलबे को हटाने के लिए यातायात बाधित रखने का निर्णय लिया गया है। हालांकि इस दौरान अतिआवश्यक सेवाओं को यातायात की अनुमति रहेगी। अपर जिलाधिकारी तीर्थपाल सिंह ने इस संबंध में सोमवार शाम को आदेश जारी किया। बताया कि यमुनोत्री हाईवे पर धरासू बैंड से सिलक्यारा और गंगोत्री हाईवे पर चिन्याली से धरासू के बीच मलबा हटाने का निर्णय लिया गया है। इस दायरे में सड़क चौड़ीकरण का कार्य भी चल रहा है। कुछ दिन पूर्व यहां चौड़ीकरण कार्य के दौरान मलबे व बोल्डर की चपेट में आने से कंपनी के साइट इंचार्ज की मौत हो गई थी। जिलाधिकारी ने यहां मलबा हटाने व चौड़ीकरण कार्य को जल्द पूरा करने के लिए जरूरी होने पर यातायात बंद करने को कहा था। एडीएम तीर्थपाल ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से मलबा हटाते समय हर दिन 10 घंटे यातायात बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

## सुई की नोक के बराबर जमीन अब कोई ले नहीं सकता: शाह

**किबिथू, एजेंसी।** अरुणाचल प्रदेश।चीन से सटी अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साफ कर दिया कि भारत की ओर बुरी नजर से देखने के दिन लद गए और अब कोई एक भी इंच जमीन पर अतिक्रमण नहीं कर सकता है।



अमित शाह ने सीमा से सटे गांव काहो को अब देश के आखिरी गांव के बजाय पहला गांव करार दिया। इस दौरे से जहां चीन को संकेत दिया गया कि भारत किसी दबाव में रहने वाला नहीं है। वहीं विपक्षी दलों की अब तक की 12 सरकारों पर भी निशाना साधा और कहा कि बार्डर इंफ्रास्ट्रक्चर पर जो 12 सरकारें नहीं कर सकीं, वह नरेन्द्र मोदी सरकार ने दो कार्यकाल में ही कर दिया।

अरुणाचल प्रदेश का नामकरण भगवान परशुराम द्वारा किये जाने का उल्लेख कर अमित शाह ने चीन को स्पष्ट संदेश दे दिया कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से अरुणाचल प्रदेश भारत का हिस्सा है और भारत की धरती पर सूर्य की पहली किरण यहीं पड़ती है।

उन्होंने कहा कि मन की दूरियों की वजह से काहो गांव को भारत का अंतिम गांव कहा जाता था। लेकिन मोदी सरकार ने इस दूरी को मिटाते हुए इस गांव को देश के पहले गांव की संज्ञा दी है।अमित शाह इस सीमावर्ती इलाके का दौरा करने वाले देश के पहले गृहमंत्री हैं।

यही नहीं, दौरे को लेकर चीन की आपत्ति को दरकिनार करते हुए रात को भी इसी गांव में रुकने फैसला किया।सीमावर्ती इलाकों के विकास की अब तक की गई अनदेखी को देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक बताते हुए अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार इसे सुधारने की कोशिश में जुटी है।

उन्होंने कहा कि सीमाओं की सुरक्षा ही देश की सुरक्षा है और मोदी सरकार इसे सुनिश्चित करने का काम कर रही है। किबिथू, काहो, मिसई समेत पांच गांवों में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की शुरूआत करते हुए उन्होंने कहा कि इससे इन गांवों को स्वावलंबी बनाने के साथ ही यहां से विस्थापन की समस्या पर भी अंकुश लगेगा।

यहीं नहीं, इससे बेहतर भविष्य की आस में शहरों की ओर विस्थापन कर चुके युवा भी वापस अपने गांव की ओर लौटने की सोच सकते हैं। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत चीन की सीमा से सटे अरुणाचल, सिक्किम, उत्तराखंड, हिमाचल और लद्दाख के कुल 2967 गांवों में विभिन्न सुविधाओं का विकास करना है। पहले चरण में 662 गांवों को चुना गया है, जिनमें 455 गांव अरुणाचल प्रदेश के हैं।इसके साथ ही अमित शाह ने नौ माइक्रो पनबिजली परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया।

10 मेगावाट से 100 मेगावाट की ये सूक्ष्म पनबिजली परियोजनाओं की मदद से सीमावर्ती इलाके के दूरदराज के गांवों में बिजली पहुंचाने में मदद मिलेगी। इन नौ परियोजनाओं से 25 गांवों में रहने वाले पांच हजार लोगों तक बिजली की अबाध आपूर्ति होगी। इसके साथ ही इलाके में तैनात आइटीबीपी और सेना को भी इससे बिजली आपूर्ति हो सकेगी। इसके साथ ही उन्होंने देश के विभिन्न हिस्से में आइटीबीपी की परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया।

## 14 अप्रैल को खुलेंगे मद्महेश्वर और तुंगनाथ के कपाट

रुद्रप्रयाग। 14 अप्रैल को बैसाख संक्रांति के पावन पर्व पर ओंकारेश्वर मंदिर में द्वितीय केदार भगवान मद्महेश्वर एवं तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ मंदिर के कपाट खोलने के तिथि मार्कण्डेय मंदिर में तय की जाएगी। इसी दिन ओंकारेश्वर मंदिर में मद्महेश्वर भगवान पुष्प रथ में विराजमान होंगे। जिस अवसर पर सैकड़ों भक्त भगवान के दर्शनों के लिए पहुंचते हैं। पूर्व परम्परा के अनुसार वैसाख संक्रांति के दिन दोनों मन्दिरों के कपाट खुलने की तिथि तय की जाती है। इस दिन केदारनाथ के रावल भीमाशंकर लिंग, मंदिर समिति, हकहकूकधारियों व भक्तों की मौजूदगी में पंचांग गणना के आधार पर दिन तय किया जाता है। ओंकारेश्वर मंदिर व मार्कण्डेय मन्दिर में प्रातः आठ बजे से कपाट खोलने का दिन तय करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके साथ ही दोपहर बाद ओंकारेश्वर मंदिर में भगवान मद्महेश्वर की भोगमूर्ति को गर्भगृह से बाहर लाकर फूल मालाओं से सुसज्जित पुष्परथ में विराजमान किया जाएगा। जिसके बाद मंदिर की परिक्रमा के पश्चात भगवान को पुनः गर्भगृह में विराजमान किया जाता है।

## टीएचडीसी में हिस्सेदारी के लिए उत्तराखंड ने लगाई ताकत

**देहरादून ।** टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में 25 फीसदी हिस्सेदारी की कानूनी जंग जीतने के लिए उत्तराखंड सरकार ने पूरी ताकत लगा दी है। सचिव ऊर्जा, सचिव वित्त और सचिव सिंचाई की ओर से उच्चतम न्यायालय में शपथ पत्र दाखिल कर दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश ने शपथपत्र दाखिल करने के लिए छह हफ्ते का समय मांगा है।



### यूपी ने मांगा छह हफ्ते का समय, 25 जुलाई को सुनवाई

कोर्ट ने 25 जुलाई की तारीख तय की है। सचिव ऊर्जा आर. मीनाक्षी सुंदरम के मुताबिक, न्यायालय इस मामले में चरणबद्ध ढंग से कार्यवाही करेगा। कई वर्षों की सुस्ती के बाद उत्तराखंड सरकार की पहल पर टीएचडीसी की हिस्सेदारी की लड़ाई में तेजी दिखी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी इस जंग को निर्णायक मुकाम तक पहुंचाने के पक्षधर हैं। उन्होंने शासन को सुप्रीम कोर्ट में मजबूती और पूरी सक्रियता के साथ पैरवी करने के निर्देश दिए हैं।उत्तराखंड सरकार की पहल पर उच्चतम न्यायालय ने हिस्सेदारी प्रकरण के मुद्दों का निर्धारण कर दिया है। न्यायालय ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार को मुद्दे निर्धारित करने के लिए कहा था। उत्तराखंड सरकार ने तय समय पर मुद्दे निर्धारित कर दिए। यूपी को न्यायालय ने सिर्फ एक दिन का समय दिया। वह मुद्दों का निर्धारण का कोई बिंदु नहीं दे सका।

मुद्दों का निर्धारण करने में नाकाम रहा उत्तर प्रदेश न्यायालय में शपथपत्र भी नहीं दे सका। इसके लिए उसने न्यायालय से समय मांगा। न्यायालय ने छह हफ्ते में शपथपत्र दाखिल करने को कहा है।तीसरे चरण में न्यायालय में मुख्य परीक्षण और जिरह होगी। सभी विभागीय सचिवों के मौखिक साक्ष्य होंगे।

### अदाणी समूह ने राहुल के आरोपों पर दिया जवाब, बयान में कहा

## कंपनियों में हिस्सेदारी बेचकर जुटाया निवेश

**नई दिल्ली , एजेंसी।** उद्योगपति गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले अदाणी समूह ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों का जवाब दिया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया था कि अदाणी समूह में 20,000 करोड़ रुपये का निवेश शेल कंपनियों के जरिये किया गया है। अदाणी समूह ने इन आरोपों का जवाब देते हुए कहा वर्ष 2019 से अब तक समूह की कंपनियों ने अपनी हिस्सेदारी बेचकर 2.87 अरब डॉलर (करीब 20,000 करोड़ रुपये) जुटाए जिनमें से 2.55 अरब डॉलर फिर से व्यापार में लगाया गया। इस दौरान अबु धाबी स्थित ग्लोबल स्ट्रैटेजिक इनवेस्टमेंट कंपनी, इंटरनेशन होल्डिंग कंपनी पीजेएससी (आईएचसी) ने समूह की कंपनियों में 2.593 बिलियन डॉलर का निवेश किया। यह निवेश अदाणी एंटरप्राइजेस लिमिटेड और अदाणी एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) में किया गया। इस दौरान निवेशकों ने अदाणी टोटल गैस लिमिटेड और एजीईएल 2.783 अरब डॉलर जुटाने के लिए अपनी हिस्सेदारी बेची थी। उससे जो राशि इकट्ठा



की गई उसे दोबारा अदाणी समूह की कंपनियों अदाणी एंटरप्राइजेस लिमिटेड, अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अदाणी टांसमिशन और अदाणी पावर लिमिट में निवेश किया गया।अदाणी समूह ने यह बयान एक अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन समूह की उस रिपोर्ट का खंडन करते हुए जारी किया जिसमें अदाणी की कंपनियों में शेल कंपनियों के माध्यम से निवेश की बात की गई थी। इसी रिपोर्ट के आधार पर पिछले दिनों कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अदाणी समूह से पूछा था कि शेल कंपनियों के माध्यम से कैसे 20000 रुपये का निवेश किया गया?अदाणी समूह ने समूह में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) पर एक हालिया मीडिया रिपोर्ट का सोमवार को सिरे से खंडन किया और इसे समूह को खत्म करने के लिए एक 'प्रतिस्पर्धी दौड़' करार दिया।

## सीएम धामी ने किया नैनीताल में लगभग 21997.75 लाख की विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा नैनीताल के लिए 21997.75 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करते हुए कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से इस क्षेत्र के विकास की नींव रखी गई है, इन योजनाओं के पूर्ण होने पर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा तथा क्षेत्र को विकास की नई गति मिलेगी तथा यह योजनायें आने वाले समय में काफी लाभकारी सिद्ध होंगी।

मुख्यमंत्री ने कैची धाम में लगने वाले जाम से निजात दिलाने हेतु भवाली सेनेटोरियम से रातीघाट तक बाईपास के निर्माण की घोषणा की साथ ही तल्ला रामगढ से क्वारब तक टूलेन सडक मार्ग निर्माण, विकास खण्ड भीमताल देवीधुरा–जमीरा–ज्सूडा– मोटर मार्ग निर्माण, विकास खण्ड कोटाबाग में ग्राम पंगूठ से गढचोली तक मोटर मार्ग निर्माण,विकास खण्ड बेतालघाट में रेवली 3.5 किमी मोटर मार्ग निर्माण,भवाली पर्यटक आवास गृह का उच्चीकरण एवं मरम्मत कार्य,नैनीताल में शमशान घाट तक सड़क निर्माण, नैनीताल शहर में 50 वर्ष पुरानी सीवर लाइन को बदला जायेगा की घोषणा की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार द्वारा जितनी भी योजनाओं का शिलान्यास किया गया है जल्द ही इन योजनाओं को धरातल पर उतारा जायेगा। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड को विकास हेतु 9 वर्ष में 1.50 लाख करोड की धनराशि की योजनाओं पर कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार रोजगार के अवसर पैदा कर पलायन को रोकने के विजन पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा 813 करोड़ रूपये की धनराशि उद्यान, बागवानी हेतु किसानों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु दिया गया है, आने वाले वर्ष में उत्तराखण्ड में 50 हजार पॉलीहाउस बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

♦विधान सभा नैनीताल के विकास हेतु मुख्यमंत्री ने 08 विकास योजनाओं का लोकार्पण तथा 134 विकास योजनाओं का शिलान्यास किया
♦लोकार्पित हुई 06 पेयजल योजनाओं से 1374 परिवार लाभान्वित होंगे साथ ही शिलान्यास हुई 133 पेयजल योजनाओं से 16123 परिवार होंगे लाभान्वित।




उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा, मातृशक्ति व किसान को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मातृशक्ति का सशक्तिकरण हो रहा है, मातृशक्ति के लोकल उत्पादों को देश व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। जिससे हमारी मातृशक्ति की आर्थिकी के साथ ही देश व दुनिया में नई पहचान मिली है। उन्होंने कहा प्रदेश मे नकल विरोधी कानून बनने के पश्चात चार परीक्षाएं आयोजित की गई इन परीक्षाओं में 4.5 लाख युवाओं ने परीक्षा दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शिता के आधार पर परीक्षा हो रही है योग्य परीक्षार्थी का प्रतिभा के आधार पर सलेक्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नकल विरोधी कानून हमारी सरकार ने बनाया है इसे देश के अन्य राज्य की मॉडल के रूप मे लागू कर रहे हैं। उन्होंने कहा अन्त्योदय योजना के अंतर्गत माताओं एवं बहनों को 3 गैस सिलेंडर निशुल्क दिये जा रहे है प्रदेश में अब तक 1 लाख 76 हजार लोगों को इस योजना से लाभ मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा सरकार समान नागरिक संहिता बिल की दिशा में कार्य कर रही है जल्द ही इसे लागू किया जायेगा। उन्होंने कहा लैंड जेहाद को लेकर कठोर कानून लेकर आ रहे हैं तथा जबरन धर्मांतरण को लेकर भी कडा कानून लेकर आये है साथ ही सरकार द्वारा राज्य आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया गया है, सरकार द्वारा जितनी भी विकास परक योजनायें चलाई जा रही है उसमें हर वर्ग का सम्मान किया जा रहा है। इस अवसर पर केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट एवं क्षेत्रीय विधायक सरिता आर्य ने सभी का स्वागत करते हुये सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे मे विस्तृत रूप से जानकारियां दी। इस अवसर पर केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट, विधायक सरिता आर्य, रामसिंह कैडा, दीवान सिंह बिष्ट के साथ ही गणमान्य व क्षेत्रीय जनता उपस्थित थी।

# कोविड को लेकर अतिरिक्त सर्तकता बरतें : शैला रानी



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : कोविड की तैयारियों को लेकर जनपद में माधवाश्रम कोटेश्वर कोविड चिकित्सालय सहित जनपद की 41 राजकीय चिकित्सा इकाईयों में जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मॉक ड्रिल का आयोजन कर व्यवस्थाओं को परखा गया। विधायक शैला रानी रावत ने मॉक ड्रिल में व्यवस्थाएं चाक चौबंद पाए जाने पर संतोष व्यक्त करने के साथ-साथ विभाग को कोविड व्यवस्थाओं को पूरी निगरानी के साथ अतिरिक्त सर्तकता बरतने को कहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया ने बताया कि कोविड संक्रमण से निपटने के लिए सोमवार को जनपद के माधवाश्रम कोविड चिकित्सालय, डेडिकेटेड कोविड केयर सेंटर अगस्त्यमुनि, जखोली, ऊखीमठ, गुप्तकाशी सहित 41 राजकीय चिकित्सालयों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-अगस्त्यमुनि में विधायक श्रीमती शैलारानी रावत व माधवाश्रम कोटेश्वर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-जखोली एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र-ऊखीमठ में वार्ड सभासद की मौजूदगी में माकड्रिल की गयी। माकड्रिल के दौरान विधायक शैलारानी रावत ने कहा कि कोविड को लेकर जरूरी ऐहतियात बरतने के साथ-साथ समय-समय पर कोविड व्यवस्थाओं पर पैनी नजर बनाये रखने पर जोर दिया। मॉक ड्रिल के दौरान आइसोलेशन वार्ड, आक्सीजन सुविधायुक्त आईशोलेशन बैड, आईसीयू बैड, वैंटीलेटर युक्त बैड, चिकित्सक, स्टाफ नर्स, पैरामेडिकल व अन्य कार्मिकों की स्थिति, वैंटीलेटर संचालन हेतु प्रशिक्षित स्टॉफ की स्थिति, आक्सीजन प्लांट की स्थिति, आक्सीजन सिलेंडर की उपलब्धता, बीएलएस व एएलएस एंबुलेंस की उपलब्धता व क्रियाशीलता, टेस्टिंग किट, दवा, मास्क, अन्य आवश्यक उपकरणों की क्रियाशीलता व लैब का निरीक्षण किया गया। मॉक ड्रिल में माधवाश्रम चिकित्सालय व जिला चिकित्सालय में आक्सीजन प्लांट सक्रिय पाए गए। वहीं समस्त चिकित्सा इकाईयों में 260 आईसोलेशन बेड, 6 आईसोलेशन आईसीयू बेड, 14 वैंटीलेटर, 926 आक्सीजन सिलेंडर, 473 कंसंट्रेटर उचित अवस्था में पाए गए।

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर निकाला मशाल जुलूस

रूद्रप्रयाग : पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर अगस्तमुनि में रविवार देर शाम मशाल जुलूस निकाला गया। इस मौके पर एक मई को संसद घेराव की चेतावनी दी गई। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर संयुक्त मोर्चा के बैनर तले अगस्तमुनि में विशाल मशाल जुलूस निकाल सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान सैकड़ों की संख्या मे शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने अपने साथ हो रहे अन्याय पर जोरदार नारेबाजी कर सरकार से ओपीएस लागू करने की मांग करी। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष गिरिजेश सेमवाल सहित जिला अध्यक्ष अंकित रैथाण के नेतृत्व में परिसंघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विजयनगर से पुलिस थाने तक मशाल जुलूस निकाला। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी है कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

# डिमांड के अनुसार जड़ी बूटियों का उत्पादन किया जाए



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : रोजगार सृजन के लिए वन क्षेत्रों में उत्पादित होने वाली जड़ी बूटियों तथा संगध पादप के उचित प्रबंधन एवं नियोजित विदोहन को लेकर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में जड़ी बूटी शोध संस्थान मंडल में बैठक हुई। बैठक में जड़ी बूटी उत्पादन और विपणन की सुविधाओं को सरल बनाने को लेकर गहनता से विचार विमर्श करते हुए किसानों के सुझाव भी लिए गए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि उत्पादन एवं विपणन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए बायर्स व सेलर्स मीट करायी जाए। बड़े बायर्स कंपनियों की डिमांड के अनुसार जड़ी बूटियों का उत्पादन किया जाए। ताकि किसानों अच्छी आजीविका मिल सके। ऐसी जड़ी बूटियां जो प्रतिबंधित वन क्षेत्रों में उगती है और उनकी डिमांड अधिक है तो उसके लिए अनुमति ली जा सकती है। इस दौरान जड़ी बूटी उत्पादन एवं विपणन से जुड़े किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर किसानों के सुझाव भी लिए गए। बैठक में जड़ी बूटी शोध संस्थान के निदेश-क/मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र, डीएफओ रमाकांत तिवारी, एसडीओ पूजा रावत, सीएओ वीपी मौर्य, सीएचओ तेजपाल सिंह, सीवीओ प्रलंयकर नाथ, शोध संस्थान के वैज्ञानिक सीपी कुनियाल आदि सहित जडी बूटी उत्पादन से जुड़े किसान उपस्थित थे।

# विकासनगर एसडीएच में मिलेगी डायलिसिस की सुविधाः डॉ. धन सिंह

विकासनगर। उप जिला चिकित्सालय (एसडीएच) विकासनगर में जल्द ही मरीजों को डायलिसिस की सुविधा मिलनी शुरु हो जाएगी। इसके लिए अस्पताल में डायलिसिस यूनिट स्थापित की जा रही है। इसके साथ ही प्रदेश के अस्पतालों में रिक्त पड़े पदों पर जल्द ही चिकित्सकों की तैनाती होगी।

इस समय प्रदेश में 28 सौ एमबीबीएस चिकित्सक हैं, जबकि 27 सौ की जरूरत है। इसके साथ ही 90 विशेषज्ञ चिकित्सक भी प्रदेश को मिले हैं। यह जानकारी सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रावत सोमवार को उप जिला चिकित्सालय में कोविड से निपटने की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मॉक ड्रिल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में 52 लाख आयुष्मान कार्ड बने हैं, जबकि सात लाख मरीजों का इसके तहत उपचार किया जा चुका है। अब किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा भी आयुष्मान भारत योजना के तहत मिलनी शुरु हो गई है। इस बार स्वास्थ्य विभाग में बजट की कोई कमी नहीं है। जिस भी अस्पताल से जो मांग आएगी, उसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उप जिला चिकित्सालय विकासनगर में डायलिसिस की सुविधा जल्द ही शुरु हो जाएगी। अस्पताल को ईएनटी ऑप्रेशन के उपकरण और फिजिशियन मुहैया कराए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि प्रदेश भर में इंसुलिन, रेबीज, सांप के काटने के इंजेक्शन के साथ ही 427 जीवन रक्षक दवाईयां मुफ्त में दी जा रही है। इस दौरान सीएमओ डॉ. संजय जैन, सीएमएस डॉ. विजय सिंह, अपर निदेशक डॉ. केसर सिंह चौहान, डॉ. प्रदीप चौहान, डॉ. नरेंद्र चौहान, डॉ. अनुराग धनिक, डॉ. पल्लवी कठैत, प्रमोद नेगी, निधि पाहवा बोरा, दीप्ति, शमशेर सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

## होटल व्यवसायियों ने सीएम का जताया आभार

चमोली : जोशीमठ। भू धंसाव की जद में आए जोशीमठ के होटल व्यवसायियों ने बैठक कर सीएम धामी का आभार जताया है। कहा कि भू धंसाव की जद में आए जोशीमठ के होटल व्यवसायी स्लैब समाप्त करने की मांग लंबे समय से कर रहे थे जिस पर सीएम ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इससे व्यापारियों में हर्ष है।

पूर्व प्रमुख प्रकाश रावत, होटल एसोसियेशन के ठाकुर सिंह राणा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा नगर में भू धंसाव की जद में आये निजी भवनों के बाद प्रभावित होटल दुकानों को भी उचित मुआवजा देने की बात कही गई है। साथ ही क्षतिग्रस्त होटलों के संबन्ध में पूर्व में घोषित स्लैब व्यवस्था को समाप्त करने का आश्वासन दिया है।

# बीकेटीसी की एडवांस टीम 15 अप्रैल को पहुंचेगी केदारनाथ

रूद्रप्रयाग : केदारनाथ यात्रा के लिए अब बदरी–केदार मंदिर समिति भी तैयारियों में जुट गई है। एक टीम हालांकि पहले ही केदारनाथ धाम का दौरा कर लौट चुकी थी जबकि एक एडवांस टीम 15 अप्रैल को केदारनाथ पहुंचेगी। 12 सदस्यीय यह टीम केदारनाथ मंदिर और आस-पास की सभी व्यवस्थाएं बहाल करेगी।

बीकेटीसी के सीईओ योगेंद्र सिंह ने बताया कि केदारनाथ में मंदिर समिति की टीम एक दौरा पहले कर चुकी है। जबकि अब धाम जाने वाली 12 सदस्यीय टीम यात्रा के लिए तैयारियां करेगी। बताया कि टीम के सदस्यों के अलावा 25 मजदूर भी साथ रहेंगे। जो मंदिर परिसर में रंग रौगन, साइनेज, बिजली, पानी, टूट फूट को ठीक करने, भोग मंडी, अलावा के लिए लकड़ी, पूजन सामग्री आदि व्यवस्थाएं करेगी। बीकेटीसी के सीईओ ने बताया कि 10 दिनों के भीतर बदरी-केदार मंदिर समिति केदारनाथ मंदिर और अपने कार्यों संबंधी सभी तैयारियां पूरी कर लेगी। उन्होंने बताया कि बाबा केदार की डोली यात्रा के लिए पैदल पड़ावों में भी उचित व्यवस्था की जाएगी। साथ ही यहां भंडारे के लिए भी व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि इस बार यात्रा में बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद है। इसलिए बीकेटीसी देश-विदेश के तीर्थयात्रियों की सेवा के लिए तत्पर है। (एजेंसी)

व्यापारी, तीर्थपुरोहित और स्थानीय लोग केदारनाथ रवाना

रूद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम की यात्रा शुरू होने में अब महज 14 दिन का समय शेष रह गया है। ऐसे में अपनी-अपनी व्यवस्थाएं एवं तैयारियों के लिए करीब सौ से अधिक स्थानीय लोग, व्यापारी एवं तीर्थपुरोहित केदारनाथ रवाना हो गए हैं। ताकि यात्रा सीजन शुरू होते ही तीर्थयात्रियों को बेहतर सेवाएं मिल सके।

केदारनाथ धाम की यात्रा में स्थानीय व्यापारी, कारोबारी, होटल-लॉज संचालक सहित दुकानदारों का अहम रोल रहता है। मुश्किल हालात में तीर्थयात्रियों को गौरीकुंड से लेकर केदारधाम तक बुनियादी जरूरतें उपलब्ध कराने में तीर्थपुरोहित, व्यापारी एवं स्थानीय लोग हमेशा तत्पर रहते हैं। यहीं कारण है कि केदारनाथ में इस सीजन में कपाट खुलने तक बुनियादी व्यवस्थाएं जुट जाए, इसके लिए स्थानीय लोग केदारधाम आवाजाही करने लगे हैं। हालांकि कुछ दिन पूर्व प्रशासन द्वारा केदारनाथ के मौसम को देखते हुए यहां आवाजाही प्रतिबंधित की थी किंतु अब यात्रा का समय नजदीक आने और धाम में स्थानीय लोगों द्वारा सुविधाएं जुटाने के लिए उन्हें आवाजाही करने की अनुमति दे दी गई है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि हर साल यात्रा शुरू होने से पहले स्थानीय लोगों द्वारा धाम में जरूरी सुविधाएं जुटाई जाती है। इसका तीर्थयात्री भी पूरा लाभ लेते हैं। स्थानीय लोग एवं तीर्थपुरोहित धाम में अपनी तैयारी एवं व्यवस्थाएं जुटाने के लिए धाम जाने लगे हैं।

## एक नजर

### नपं कर्मचारी और व्यापारी हरपाल की मदद को आगे आए

नई टिहरी : लंबगांव व्यापार मंडल और नगर पंचायत कर्मचारियों ने लंबे समय से बीमार चल रहे नगर पंचायत लंबगांव में कार्यरत सफाई कर्मचारी की बेटी की शादी में मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। व्यापारियों और नपं कर्मचारियों ने आपस में 31 हजार रुपये की धनराशि एकत्रित कर नपं कर्मचारी हरपाल की पत्नी काजोल सौंपी।लंबगांव नगर पंचायत अध्यक्ष भरोसी देवी रांगड़ एंव व्यापार मंडलध्यक्ष युद्धवीर राणा ने बताया कि हरपाल लंबे समय से बीमार चल रहा है, जिसके कारण उसकी आर्थिक स्थित ठीक नहीं है। बताया वह बीते 20 वर्षों से नपं लंबगांव में अपनी सेवायें दे रहे हैं। बताया नगद धनराशि के साथ नपं कर्मचारियों और व्यापारियों ने हरपाल की बेटी को दान स्वरुप साड़ी, शूट और पायल भी भेंट की, उन्होंने अन्य लोगों से भी मदद के लिये हाथ बढ़ाने की अपील की है। मौके पर व्यापार मंडल उपाध्यक्ष जगदीप रावत, महामंत्री आशीष रावत, रोशन रांगड़, केदार बिष्ट, गबरी चौहान, देवेन्द्र बिष्ट, त्रिलोक कंडियाल आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### पर्यावरण वाटिका में रूद्राक्ष के पौधे रोपे

उत्तरकाशी : रुद्राक्ष पौधरोपण मुहिम के तहत गंगा विचार मंच के प्रांत संयोजक लोकेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में मांगली सेरा में पर्यावरण वाटिका में 50 रुद्राक्ष के पौधे रोपे गए।

बिष्ट ने कहा कि उत्तरकाशी में गंगा के तट पर विभिन्न स्थानों पर वर्ष 2022 में 8 हजार रुद्राक्ष की पौध का सफल रोपण किया गया। गंगा विचार मंच के प्रदेश संयोजक लोकेंद्र बिष्ट ने सोमवार को बताया कि उत्तरकाशी में मां गंगा के तट पर जोशियाड़ा में भी 300 रुद्राक्ष के पौधों वाली रूद्राक्ष वाटिका लहलहाने लगी है। वहीं एनएमआइम उत्तरकाशी ने 400, जल विद्युत निगम जोशियाड़ा व मनेरी ने 1000, बीआरओ ने 200 रुद्राक्ष पौध, आईटीबीपी महिडण्डा ने 600 रुद्राक्ष पौध, आईटीबीपी मातली ने 100 रुद्राक्ष पौध, पुलिस अधीक्षक ने 150 रुद्राक्ष पौध का अपने परिसरों में रोपे हैं। (एजेंसी)

# निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ किया डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन



देहरादून। राष्ट्रीय आदर्श पार्टी ने निजी स्कूलों पर मनमानी का आरोप लगाया है। पार्टी के पदाधिकारियों ने सोमवार को डीएम कार्यालय में इसके खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान को ज्ञापन भी दिया। पार्टी के अध्यक्ष एमएस कटारिया ने कहा कि 5 जनवरी 2022 को तत्कालीन शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे ने एक प्राधिकरण के गठन के आदेश जारी किए गए थे। इस प्राधिकरण का कार्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना, निजी स्कूलों की मनमानी को रोक व फीस एक्ट लाना था। इसके अलावा अभिभावकों की रोजाना की शिकायतों के निस्तारण के लिए एक समिति बनाना था। लेकिन आज तक ना प्राधिकरण बन पाया ना ही बाकी सब कुछ। उन्होंने सरकार से इसके गठन की मांग की।

ये भी उठायी मांगें

–निजी शिक्षण संस्थाओं में रीएडमिशन (एनुअल चार्ज) के नाम पर ली जाने वाली फीस पर रोक लगाई जाए।

–दस प्रतिशत से ज्यादा फीस बढ़ाने वालों पर कार्रवाई और फीस वापस हो।

## मांगों की अनदेखी पर नाराज जल संस्थान कर्मचारी संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

देहरादून। जल संस्थान कर्मचारी संघ ने मैनेजमेंट को आंदोलन की चेतावनी दी है। संघ ने मैनेजमेंट पर मांगों की अनदेखी का आरोप लगाया। पेयजल के राजकीयकरण, कर्मचारियों को आवश्यक सेवाओं का लाभ देने समेत सभी लंबित मांगों के निस्तारण की मांग की। 16 अप्रैल तक मांगों के निस्तारण न होने पर 17 अप्रैल से आंदोलन की चेतावनी दी। सीजीएम नीलिमा गर्ग को दिए नोटिस में महामंत्री नंदलाल जोशी ने कहा की न सभी पेयजल एजेंसियों का एकीकरण करते हुए राजकीयकरण किया जाए। जल संस्थान के कर्मचारियों को आवश्यक सेवा के तहत वेतन भत्तों, मानदेय का लाभ दिया जाए।

# मेट्रोमोनियल साइट पर दून के युवक से ढाई लाख ठगे

देहरादून। मेट्रोमोनियल साइट पर जालसाज युवती ने दून निवासी व्यक्ति को शादी का झांसा देकर 2.52 लाख रुपये हड़प लिए। आरोपी युवती ने खुद को दून का स्थाई निवासी और हाल में बेंगलुरू में नौकरी करने की जानकारी दी। तहरीर पर आरोपी युवती के खिलाफ गढ़ी कैंट थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर कैंट सम्पूर्णानंद गैरोला ने बताया कि रचित गुप्ता निवासी राजेंद्रनगर की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। उन्होंने शादी के लिए जीवन साथी पोर्टल पर अपना प्रोफाइल बनाया हुआ था। वहां अंजना सेठी नाम की युवती से उनका प्रोफाइल मैच हुआ तो व्हाट्सएप पर बातचीत शुरू हुई। अंजना सेठी ने अपनी उम्र 38 वर्ष बताई। कहा कि वह देहरादून की रहने वाली है और बेंगलुरू में नौकरी करती है। बताया कि उसकी बड़ी बहन अनीता सेठी और कविता सेठी हैं। वह दोनों देहरादून में रहती हैं। महिला ने खुद को अविवाहित बताते हुए आकर्षक फोटो लगाया हुआ था। पीड़ित से बातचीत में उसने शादी के लिए हामी भर दी। कहा कि उसके माता पिता नहीं है और वह बेंगलुरू में कॉलसेंटर में नौकरी करती है। अंजना ने उससे मिलने और शादी की बात पक्की करने के लिए दून आने की बात कही। इसके बाद रचित गुप्ता से दून आने और वापस जाने के लिए फ्लाइट टिकट के 41 हजार रुपये, बेंगलुरू से इंगेजमेंट रिंग और एक अन्य गहना खरीदने के लिए अलग से रकम मिली। महिला ने रचित से अपने दिए बैंक खातों और ई वॉलट में पांच अप्रैल तक 2.52 लाख रुपये जमा करवा लिए। इसके बाद उसने रचित का फोन उठाना बंद कर दिया।

# प्रतिभावान छात्र—छात्राओं को किया सम्मानित

देहरादून। एनएसयूआई ने खेल और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ काम करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया।

इसके लिए कालेज में सोमवार को संगठन के स्थापना दिवस पर डीएवी कालेज में उत्तराखंड प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी, कांग्रेस संचार विभाग के राष्ट्रीय सचिव वैभव वालिया, सेल्फ फाइनेंस इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष डा. सुनील अग्रवाल और कांग्रेस नेत्री डा. सोनिया आनंद ने संयुक्त रूप से की। इसके बाद उत्कृष्ठ काम करने वाले छात्र छात्राओं को एक एक कमर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान वैभव वालिया ने कहा कि एनएसयूआई ने सदैव छात्रों के हितों की लड़ाई लड़ी है। उत्तराखंड में छात्रों का लगातार शोषण किया जा रहा है, छात्रों को पीटा जा रहा है, पेपर लीक के छात्रा परेशान है, ऐसे में एनएसयूआई की बड़ी जिम्मेदारी बनती है।

इस दौरान उत्तराखंड कनिष्ठ सहायक एवं सचिवालय रक्षक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले राहुल नेगी, गांधी शांति मार्च में बांग्लादेश जाने वाली डीएवी की छात्राओं अनुष्का व प्रनॉमित डंगवाल सहित कई छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## 90 किलो गांजा लेकर ऋषिकेश पहुंचे दो तस्कर गिरफ्तार

देहरादून। दक्षिण भारत के विशाखापट्टनम से 90 किलो गांजा लेकर ऋषिकेश पहुंचे दो आरोपी ऋषिकेश थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिए। आरोपी डोईवाला के केशवपुरी बस्ते में रहने वाले व्यक्ति के इशारे पर नशा खरीदकर लाए। उसकी पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। डीआईजी देहरादून दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि जिला पुलिस को नशा तस्करों पर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि दस अप्रैल को ऋषिकेश में श्यामपुर फाटक पर चेकिंग के लिए एक गाड़ी को रोका गया। गाड़ी को चेक किया तो अंदर से 90 किलो गांजा बरामद हुआ।

# डीएम अध्यक्षता में हुआ जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में 92 शिकायतें प्राप्त हुई प्राप्त शिकायतों में भूमि संबंधी विवाद, लैंड फ्राड, आपसी विवाद, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पानी, पारिवारिक विवाद, पहाड़ों में ओवर लोडिंग, नेटर्वक समस्या आदि शिकायतें प्राप्त हुई।

जिलाधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा जल्द ही रिकार्ड चैककर विकसित करने की तैयारी की जा रही है जिस पर भूमि संबंधी रिकार्ड चैक किए जा सकेंगे, तथा भूमि धोखाधड़ी फर्जीवाडे से बचा जा सकेगा। जनसुनवाई के माध्यम से दिव्यांग बच्चे को स्कूटी दिलाए जाने पर संबंधित द्वारा जिलाधिकारी का धन्यवाद ज्ञापित किया।विगत जनसुनवाई में एमएच काजी निवासी इंदर रोड़ द्वारा अपने दिव्यांग बच्चे को स्कूटी दिलाए जाने का अनुरोध किया गया था, जिस पर जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। एमएच काजी ने जिलाधिकारी के प्रयास तथा सहायक अभियन्ता एमडीडीए अजय माथुर के समन्वय से स्कूटी दिलाए जाने पर जिलाधिकारी एवं एमडीडीए अभियन्ता का धन्यवाद ज्ञापित किया।जिलाधिकारी ने चकराता त्यूनी में ओवर लोडिंग की शिकायतों पर संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि ओवरलोडिंग पर कार्यवाही करें। इसी प्रकार नेटवर्क एवं सर्वर डाउन रहने से शासकीय ऑनलाइन कार्यों में बाधा उत्पन्न होने की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी त्यूनी को जांच करने के निर्देश दिए साथ ही बीएसएनएल के अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए।

# राजभवन फैमली वेलफेयर की महिलाओं को सुजोक थेरेपी की जानकारी दी





देहरादून। सोमवार को राजभवन में प्रथम महिला गुरमीत कौर की उपस्थिति में इंटरनेशनल सुजोक की अध्यक्ष डॉ. सुभाष चौधरी ने राजभवन फैमली वेलफेयर की महिलाओं को सुजोक थेरेपी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी छोटी–छोटी समस्याओं के निदान के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि सुजोक एक्यूप्रेशर एक अत्यंत सरल एवं सहज चिकित्सा विधि है जिसमें महिलाएं छोटी–छोटी समस्याओं का स्वयं ही उपचार कर सकती हैं। इसके लिए उन्होंने निश्चित बिंदुओं पर दबाव देकर उपचार करना महिलाओं को सिखाया।

इस दौरान उपस्थित प्रथम महिला गुरमीत कौर ने डॉ. सुभाष चौधरी का हार्दिक धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सुजोक थेरेपी के अंतर्गत चिकित्सा पद्धति से महिलाओं को निश्चित ही लाभ होगा। प्रथम महिला ने बताया कि जल्द ही महिलाओं के लिए एक सप्ताह का प्रशिक्षण कोर्स आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर फैमली वेलफेयर एसोसिएशन की सुनीता जोशी द्वारा अपने हस्तशिल्प के उत्पादों को भी प्रदर्शित किया गया। उत्पादों की उपस्थित महिलाओं ने खूब सराहना की। प्रथम महिला द्वारा उन्हें पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

इस अवसर पर आईजी कार्मिक विम्मी सचदेवा, अपर सचिव स्वाति एस भदौरिया, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, डॉ.इंद्रा अग्रवाल, अंजना सिंह, भागीरथी देवी सहित राजभवन फैमली वेलफेयर की महिलाएं उपस्थित रही।

## 15 अप्रैल को लगेगा डांडा नागराजा मेला

**पौड़ी** : आगामी 15 अप्रैल यानि दो गते बैसाख को पौड़ी के सुप्रसिद्ध डांडा नागराजा मेले का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति मेले को भव्य रूप से मनाये जाने की तैयारियों में जुट गया है। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्री डांडा नागराजा के दर्शन करने पहुंचते हैं। समिति ने एसडीएम से मुलाकात कर मेले के दिन व्यवस्थाएं करने के लिए सहयोग की अपील की है। मंदिर समिति के उपाध्यक्ष उपेंद्र भट्ट व मीडिया प्रभारी सिद्धांत उनियाल ने सोमवार को एसडीएम को ज्ञापन देकर मेले के दौरान स्वास्थ्य शिविर लगाने व अन्य व्यवस्थाएं जुटाने के लिए ज्ञापन दिया। एसडीएम ने समिति को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## 14 अप्रैल से शुरू होगा अग्निशमन सप्ताह

पौड़ी : अग्निशमन सप्ताह 14 अप्रैल से शुरू होगा। जो 20 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान छात्र-छात्राएं भी विभिन्न कस्बों आदि में जनजागरूकता रैली के माध्यम से अग्निशमन सुरक्षा उपायों के लोगों को जागरूक करने का प्रयास करेंगे। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गर्मी के सीजन में आगजनी की घटनाएं बढ़ जाती है। ऐसे में इस तरह की घटनाएं न हो इसके लिए व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## धूमधाम से मनाई जाएगी अंबेडकर जयंती

**कोटद्वार** : शैल शिल्पी विकास संगठन ने 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। कहा कि देश की तरक्की के लिए दिए गए बाबा साहेब के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

शैल शिल्पी संगठन के सदस्यों और पदाधिकारियों की सिमलचौड़ स्थित कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। तय किया गया कि 14 अप्रैल को देश के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर का 132वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जायेगा। मौके पर समारोह के आयोजन के लिए समिति का गठन किया गया। समिति में विकास आर्य को संयोजक, ओम प्रकाश कोटला को सह संयोजक, विजेंद्र आर्य को सचिव, सतीश प्रकाश को महासचिव, केसीराम निराला को कोषाध्यक्ष और विमला को सह कोषाध्यक्ष चुना गया।

# छुट्टी के बाद खुले बैंक व डाकघर उमड़ी उपभोक्ताओं की भीड़

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : तीन दिन के अवकाश के बाद खुले बैंक व डाकघर में सोमवार को उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। उपभोक्ताओं ने घंटों लाइन में खड़े रहकर बैंक व डाकघर से संबंधित कार्यों को निपटाया।

व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए परिसर में तैनात होमगार्ड व अन्य कर्मचारियों को पसीना बहाना पड़ा। वहीं, एटीएम मशीनों के बाहर भी उपभोक्ताओं की लंबी लाइन लगी हुई थी।

कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में करीब एक दर्जन से अधिक बैंक है। इन सभी बैंकों से सैकड़ों उपभोक्ता जुड़े हुए हैं। लेकिन, शुक्रवार, शनिवार व रविवार की छुट्टी होने के कारण उपभोक्ताओं के बैंक से संबंधित कार्य अधर में लटके हुए थे। ऐसे



कोटद्वार के मुख्य डाकघर में उमड़ी उपभोक्ताओं की भीड़

में सोमवार को तीन दिन बाद जब बैंक खुले तो उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। घंटों लाइन में खड़े रहकर उपभोक्ताओं ने अपने कार्य निपटाए। बैंकों में सबसे अधिक भीड़ स्कूलों की फीस जमा करवाने वाले अभिभावकों की लगी हुई थी। कई बैंकों में घंटों सर्वर भी ठप रहा। वहीं, बदरीनाथ मार्ग स्थित मुख्य डाकघर में भी उपभोक्ताओं की भारी भीड़ देखने को मिली। हालांकि, शुक्रवार की छुट्टी के बाद शनिवार को डाकघर खुला था। लेकिन, उपभोक्ताओं की अधिक भीड़ नहीं थी। ऐसे में रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार को डाकघर में पैसे जमा करने व निकालने वालों की सबसे अधिक भीड़ थी।

## कांग्रेसियों ने किया शराब की दुकान खोले जाने का विरोध

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नगर निगम के वार्ड नं. 29 घमंडपुर में शराब की दुकान खोलने का विरोध बढ़ता ही जा रहा है। आबादी क्षेत्र में शराब की दुकान खोलने का जहां स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं, वहीं नगर निगम मेयर हेमलता नेगी और पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी शराब की दुकान खोलने का विरोध किया।

सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व मंत्री व मेयर घमंडपुर में शराब की दुकान खोलने का विरोध कर रहे लोगों के बीच पहुंचे। दुकान खोलने की प्रक्रिया शासन-प्रशासन के माध्यम से पूर्ण हुई है। इसमें नगर निगम की कोई भूमिका नहीं है। वहीं पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने भी आबादी क्षेत्र में शराब की दुकान खोलने को अनुचित बताया। इस दौरान बलबीर सिंह रावत, विजय रावत, अनिल चौधरी और पूर्व प्रमुख गीता नेगी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिव कथा श्रवण मात्र से दूर हो जाते हैं मनुष्य के कष्ट: आचार्य राकेश लखेड़ा

**द्वारीखाल ब्लॉक के अन्तर्गत ग्राम पाली में कलश स्थापना के साथ शुरू हुई शिव कथा**

**कोटद्वार** : द्वारीखाल ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पाली में कलश स्थापना के साथ शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हो गया है। इस दौरान कथावाचक आचार्य राकेश चंद्र लखेड़ा ने श्रद्धालुओं को कथा के महात्म्य के बारे में बताया। कहा कि कथा श्रवण मात्र से मनुष्य के समस्त कष्ट दूर हो जाते हैं।

प्रथम दिन की कथा का वाचन करते हुए आचार्य राकेश चंद्र लखेड़ा ने यह बात कही। कहा कि शिव महापुराण दिव्यता से परिपूर्ण ग्रंथ है।

भगवान शिव सुख एवं कल्याण के स्त्रोत हैं। कथा



द्वारीखाल ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पाली में कथा का वाचन करते आचार्य राकेश चंद्र लखेड़ा

सुननी बहुत ही आसान है, लेकिन उस पर अमल करना व उसमें उतरने की कला मनुष्य को अपने भीतर प्रकट करनी होगी। उन्होंने सत्संग का महात्म्य बताते हुए कहा कि सत्संग दो शब्दों के जोड़ से मिलकर बना है। यह शब्द हमें सत्य यानि परमात्मा और संग अर्थात मिलन की ओर इंगित करता है। जो मनुष्य परमात्मा को सब कुछ मानकर अपना जीवन जीता है उसके समस्त कष्ट प्रभु हर लेते हैं। इस मौके पर मनोज काला, प्रमोद चौहान, हनुमान सिंह, दीपक चौहान, दीपेंद्र रावत, सुभाष काला, मनोज नेगी सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# रोजगार मेले से संवरेगा युवाओं का भविष्य : ऋतु

**श्री गुरु रामराय पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया मेला**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि रोजगार मेला युवाओं के भविष्य को बेहतर राह देगा। उनका मुख्य उद्देश्य युवाओं को बेहतर रोजगार उपलब्ध करवाना है। इसके लिए वह गंभीरता से कार्य कर रही है।

पदमपुर स्थित श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वह कोटद्वार के युवाओं के रोजगार और उनके विकास के लिए संकल्पित है। उन्होंने केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का भी आभार व्यक्त किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि राज्य के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी क्रम में आज इस वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग द्वारा राज्य के युवाओं हेतु समय-समय पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इन रोजगार मेलों का मुख्य उद्देश्य नियोजकों तथा युवाओं को एक मंच पर लाना है, ताकि उद्योगों को कुशल कामगार उपलब्ध हो सके।

रोजगार मेले में बेरोजगार युवाओं की भारी भीड़ जुटी और युवा नौकरी पाने की कोशिश में एक दूसरे से जूझते नजर आये। इस दौरान 70 से अधिक टेक्निकल एवं नानटेक्निकल कंपनियों ने बेरोजगार युवाओं के इंटरव्यू लिये। कई कपनियों द्वारा अभ्यर्थियों को ऑन द स्पॉट ही नियुक्ति पत्र दे दिया गया। इस मौके पर स्किल डेवलपमेंट डायरेक्टर उत्तराखंड हरवीर सिंह, एसडीएम कोटद्वार प्रमोद कुमार, जिलाध्यक्ष भाजपा विरेंद्र रावत, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला, मंडी अध्यक्ष सुमन कोटनाला, राजेश त्रिपाठी, हरी सिंह पुंडीर, सुभाष पांडे, कुलदीप रावत, सुरेंद्र सिंह आर्य, नीरू बाला खंतवाल, मंजू जखमोला, कमल नेगी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में आयोजित रोजगार मेले में भाग लेते युवा

### रोजगार मेले में भाग लेने वाली कंपनिया

हीरो मोटो कॉर्प, सिडकुल, हरिद्वार, विप्रो हरिद्वार, हैवेल्स हरिद्वार, जीबी स्प्रिंग्स प्राइवेट लिमिटेड देहरादून, शेरोन बायो मेडिसिन आईटीडी देहरादून, जेके प्रिंट पैक देहरादून, गुडविल प्लास्टिक, डिक्सन टेक्नोलॉजीज, रिडबर्ग फार्मा देहरादून, ईस्ट अफ्रीकन इंडिया ओवरसीज देहरादून, ईटीसी हरिद्वार, लोटस सर्जिकल प्राइवेट लिमिटेड, इंटास फार्मा, एम्बर इंटरप्राइजेज, एजी इंडस्ट्रीज हरिद्वार, अशाई इंडिया ग्लास लिमिटेड, रुड़की, मोचिको शूज प्राइवेट लिमिटेड, देहरादून, गोल्ड प्लस ग्लास इंडस्ट्रीज लक्सर, अयमप्लास्ट एआईबी, श्रीनिधि इंडस्ट्रीज, किर्बी बिल्डिंग सिस्टम, हरिद्वार, कैविंडिश इंडस्ट्रीज हरिद्वार, लिबर्टी शूज रुड़की, में टोर वाटर विशेषज्ञ देहरादून, हीरो मोटो कॉर्प ऑटो एंटरप्राइजेज, दिल्ली, ओबेरॉय मोटर्स लि,बजाज मोटर्स लिमिटेड हरिद्वार, सेफ गार्ड इंडस्ट्रीज, हरिद्वार, परमहंस वायर्स प्राइवेट लिमिटेड, वंडर फाइब्रोमैट्स लि, एस्सेलप्रोपैक लिमिटेड/ईपीएल लिमिटेड, सुब्रोस लिमिटेड, निडेक इंडिया सहित कई अन्य कंपनियों ने प्रतिभाग किया।

## डीएम से लगाई मुआवजा देने की गुहार

**पौड़ी** : ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन में भूमिधरों को मुआवजा नहीं मिलने से रोष पनप रहा है। भमिधरों ने कहा कि इससे पूर्व उन्हें पंद्रह दिनों के भीतर मुआवजा दिए जाने का आश्वासन दिया गया था लेकिन अभी तक इस बाबत कोई कदम नहीं उठाया गया। सौड़ के भूमिधरों ने अविलंब मुआवजा देने की गुहार जिलाधिकारी पौड़ी से लगाई है।

सोमवार को पौड़ी डीएम को ज्ञापन देने पहुंचने सौड़ क्षेत्र के ग्रामीण दिनेश डोटरिया ने बताया कि पिछले लंबे समय से मुआवजा के आवंटन लटका हुआ है। रेलवे ने उनकी भूमि का अधिग्रहण किया जिसका उन्हें अभी तक मुआवजा नहीं मिल पाया। बताया कि सौड़ क्षेत्र में अभी करीब एक दर्जन ऐसे परिवार हैं, जिन्हें मुआवजा नहीं मिला है। भूमिधर मुताबिक प्रशासन की ओर से रेलवे का कार्य शुरू होने से पहले यह कहा गया कि 15 दिनों के भीतर सभी परिवारों को मुआवजा भुगतान कर दिया जाएगा, लेकिन कई महीनें बीत जाने के बाद भी उन्हें उनकी जमीनों का मुआवजा नहीं मिला है। जिससे भूमिधरों को परेशानी हो रही है। कई भूमिधर दो-दो साल से लंबित भुगतान का इंतजार कर रहे हैं। जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में राजकुमार नेगी, विनोद नेगी, मनीष, शिवराज सिंह आदि के हस्ताक्षर थे। इधर, पौड़ी के एसडीएम आशीष जोशी ने बताया कि कुछ भूमिधर इस मामले में कोर्ट गए थे उनका मुआवजा उसी के अनुसार दिया गया। यदि भूमिधर तय मुआवजा लेने को तैयार हो तो उनको मुआवजा दे दिया जाएगा।

# नागरिक विचार मंच ने समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित

**कोटद्वार** : ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच का दसवां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान मंच ने सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी सम्मानित किया।

बालासौड़ स्थित एक बारातघर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण व लैंसडौन विधायक दलीप सिंह रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित



कर किया। विस अध्यक्ष ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने समाज सेवा में दिए जा रहे ग्रामीण विकास नागरिक मंच के कार्यों की प्रशंसा भी की। कार्यक्रम में मंडी समिति के अध्यक्ष सुमन कोटनाला व प्राचार्य जानकी पंवार सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार वक्त किए। कार्यक्रम के दौरान लोकगायिका सरोज रावत, सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र जजेड़ी व काश्तकार सुधीर सुंद्रियाल को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष प्रवेश चंद्र नवानी, विजय लखेड़ा, जनार्दन प्रसाद ध्यानी, शिव प्रकाश कुकरेती, चक्रधर कंडवाल, नागेंद्र उनियाल, चंद्र प्रकाश नैथानी, राजेंद्र सिंह, प्रकाश कोठारी, सत्यप्रकाश थपलियाल, पीएल खंतवाल आदि मौजूद रहे।

## नव प्रवेशोत्सव पर किया हवन

कोटद्वार : विद्यालय रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जानकीनगर कोटद्वार में नव प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के निमित हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विद्यालय के मीडिया प्रभारी रोहित बलोदी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती एवं शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य प्रदीप नौटियाल ने पूजक के रूप में किया। तत्पश्चात विद्यालय में सभी नव प्रवेशित एवम पुरातन छात्र छात्राओं ने हवन पूजन एवं आहुति दी। प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती ने छात्र-छात्राओं से वार्ता में कहा कि विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान से सम्बद्ध सरस्वती शिशु विद्या मंदिर अपने छात्र-छात्राओं को संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान करते हैं। संस्कार जीवन का एक अभिन्न अंग है इन्हें हम सभी को अपने में आत्मसार करना एवम इन्हीं के



अनुरूप अपने कार्यों को प्रतिपादित करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने नव प्रवेशित छात्रों को विद्यालय में आगमन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही अन्य छात्र छात्राओं को नवीन शिक्षण सत्र 2023-24 में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु भगिनी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

# पहाड़ के बेहतर विकास के लिए युवाओं की पहल जरूरी

**उत्तराखंड नव निर्माण फाउंडेशन की ओर से आयोजित की गई गोष्ठी**

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : उत्तराखंड नव निर्माण फाउंडेशन ने युवाओं से पहाड़ के विचार के लिए आगे आने की अपील की है। कहा कि पहाड़ की बेहतर तरक्की के लिए युवाओं को पहल करनी चाहिए।

भाबर क्षेत्र में आयोजित सेमिनार में मुख्य अतिथि रीयर एडमिरल ओमप्रकाश सिंह राणा एवीएसएम, वीएसएम ने कहा कि पहाड़ में आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक रूप से कमजोर हो रहा है। उन्होंने कहा कि पहाड़ में जन विपरीत नियोजन सबसे बड़ा कारण पहाड़ वासियों का पिछड़ने का है। एडमिरल राणा ने कहा कि पहाड़ की लड़ाई पहाड़ में जाकर ही लड़ी जा सकती है। इसलिए नौजवानों को पहाड़ की लड़ाई लड़ने के लिए आगे आना होगा। राणा ने कहा कि पहाड़ी समाज को समृद्ध करने के लिए शिक्षा प्रावधान में बदलाव और समृद्धि लानी होगी। उन्होंने कहा कि पहाड़ की लड़ाई करने में हम सक्षम हैं। इसके लिए क्षेत्रीय राजनीतिक संगठन को मजबूत करना पड़ेगा। हम सब पहाड़ वासियों को एक मंच पर खड़ा होना होगा। विशिष्ट अतिथि पद्मश्री कल्याण सिंह रावत ने कहा कि पहाड़ में अतुल प्राकृतिक संपदा है जिसका वैज्ञानिक और पर्यावरण ढंग से दोहन हो तो पहाड़ समृद्ध शाली हो सकता है। इसमें क्षेत्रीय राजनीतिक संगठन की बड़ी भूमिका हो सकती है। क्षेत्रीय राजनीतिक शक्ति के कार्यकर्ताओं का जनाधार होना चाहिए। पहाड़ वासियों का विकास योजना और पर्यावरण में संतुलन होकर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि मानवीय विकास और पर्यावरण एक दूसरे के पूरक हैं। पर्यावरण का अस्तित्व तभी है जब वह मानव विकास में सहायक हो। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं में जो बाधक कानून हैं वह बाधा दूर करनी होगी।

विशिष्ट वक्ता प्रोफेसर अरुण ढौंढियाल ने कहा कि पहाड़ का विकास के आधार शिक्षा, संस्कृति, परंपरा और भाषा है। पहाड़ के विकास के लिए स्थानीय भाषा का समृद्ध शाली होना आवश्यक है। उन्होंने गढ़वाली, कुमाऊनी, जौनसारी भाषाओं के विकास के लिए सरकार को ठोस उपाय करने का परामर्श दिया। उन्होंने विद्वत समाज और छात्रों से आग्रह किया कि पहाड़ों को बचाने के लिए आप सबको योगदान देना होगा। प्रेस क्लब के अध्यक्ष नागेन्द्र उनियाल ने कहा कि पहाड़ बचाने के लिए जन जागरुकता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पहाड़ को बचाने के लिए सड़कों पर आना होगा, युवा और महिला समाज को संगठित कर आंदोलन करना होगा।

अध्यक्षीय भाषण में फाउंडेशन के अध्यक्ष डा. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि उत्तराखंड में शक्तिशाली लोकायुक्त की व्यवस्था होनी चाहिए और लोकायुक्त को मुख्यमंत्री, मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों के द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की जांच का अधिकार और सजा देने का प्रावधान होना चाहिए। पहाड़ के अस्तित्व व पहाड़ की रक्षा के लिए भू कानून ,चकबंदी व मूल निवास लागू होना चाहिए। जल-जंगल-जमीन पर जनता का



कोटद्वार के मगनपुर में आयोजित कार्यशाला में विचार रखते वक्ता

अधिकार हो।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार व अपराध को संरक्षण देने वाले राज नेताओं को कठोर सजा देने का प्रबंध होना चाहिए। इनके जकड़ में फंसे पहाड़ को बचाना होगा। पहाड़ के अस्तित्व की रक्षा के लिए विचार करने वालों में भुवन जोशी, प्रमोद काला, एपी जुयाल, दीपक गैरोला, गोविंद डंडरियाल, महेंद्र सिंह रावत, मोहन सिंह असवाल, शांति भट्ट, सुलोचना इष्टवाल, प्रवेंद्र रावत, अमित नेगी, जगदीपक रावत, दीपक कुकरेती, राकेश बिष्ट, मीनाक्षी घिल्डियाल, तेज सिंह कार्की, बिजेंद्र रावत, मनोज डोबरियाल, शिव सिंह रावत लुसुन टोडरिया, सोमेश बुड़ाकोटी, शिव सिंह रावत, डा. गोविंद सिंह रावत, विपिन रावत, राजेंद्र गुसाईं आदि ने विचार व्यक्त किये। सेमिनार की अध्यक्षता डॉ. शक्तिशैल कपरवाण ने की और संचालन गोविंद डंडरियाल ने किया।

## महिलाओं व बच्चों की प्रस्तुति ने मोहा मन

**कोटद्वार** : प्रेक्षागृह में आयोजित डांस प्रतियोगिता में बच्चों व महिलाओं की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित भी किया गया।

बदरीनाथ मार्ग स्थित प्रेक्षागृह में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मंडी समिति के अध्यक्ष सुमन कोटनाला व कांग्रेस की पूर्व महिला जिलाध्यक्ष रंजना रावत ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वक्ताओं ने बच्चों को पढ़ाई के साथ अन्य प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के अंदर एक खूबी होती है। हमें अपने अंदर की खूबी को पहचान कर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। डांस प्रतियोगिता में पचास से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कलाकारों ने गढ़वाली, कुमाऊंनी वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों द्वारा नेपाली गीतों पर प्रस्तुत किए गए नृत्य को दर्शकों ने काफी सराहा। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजन गौरव जोशी, विपिन रावत, बबीता रावत, गौरव नेगी, शिवांगी जोशी, आशीष केष्टवाल, अभिषेक, मंगल आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में बेहतर डांस की प्रस्तुति देने वाली छात्रा को सम्मानित करते आयोजक व अन्य।

# सरकार का बेरोजगारी और महंगाई से कोई सरोकार नहीं : यशपाल



रुद्रपुर : नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि केंद्र सरकार विपक्ष की आवाज दबा रही है। विपक्ष को सवालों के जवाब नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में लोकतंत्र कहां बचा है? नेता प्रतिपक्ष आर्य सोमवार को कांग्रेस नेता हरपाल सिंह के आवास पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सवाल पूछा कि एक कंपनी में 20 हजार करोड़ रुपया किसका है। उस कंपनी में शामिल चीनी नागरिक कौन है। केंद्र सरकार ने जवाब देने के बजाय उल्टा राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता ही समाप्त करवा दी। कहा कि जनता की समस्याओं से ध्यान भटकाया जा रहा है। आर्य ने कहा कि राज्य में नौकरियों के लिए न्याय की मांग करने वालों को सरकार ने जेल भेज दिया। विधानसभा में मुद्दे उठाए, लेकिन सरकार सुनने को तैयार नहीं है। उद्योगों में राज्य के युवाओं को 70 प्रतिशत रोजगार के मुद्दे पर चुप है। सरकार को बेरोजगारी और महंगाई से कोई सरोकार नहीं है। अफसरशाही बेलगाम है। समाज का हर वर्ग परेशान है। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष आर्य ने कांग्रेसजनों के साथ बैठक कर आगामी चुनावों के लिए जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जन समस्याओं के मुद्दे पर संघर्ष करने के लिए कहा। वहीं सितारगंज पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। यहां जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा, नवतेज पाल सिंह, कुंवर शिववर्धन सिंह, नगर अध्यक्ष सरताज अहमद, पूर्व नगर अध्यक्ष हरपाल सिंह, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष करन जंग, जिलानी अंसारी, युसुफ मलिक, सतीश जेके, विपिन खोलिया, सोनू जायसवाल, वसीम मियां, शाकिर अली, आजम मलिक, मुख्तयार अंसारी, राहुल कुमार मौजूद रहे। (एजेंसी)

### भाजयुमो ने किया सहभोज

रुद्रपुर : भाजपा युवा मोर्चा के तत्वाधान में सामाजिक न्याय सप्ताह के तहत वाल्मीकि मंदिर में सहभोज का आयोजन कराया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने वाल्मीकि समाज के लोगों के साथ सहभोज किया। सोमवार को युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शंशाक रावत ने कहा वर्तमान परिदृश्य में भाजपा सभी को अपने साथ लेकर राष्ट्र निर्माण में लगी है। कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में समाज के वर्गों को सशक्त कर राष्ट्र निर्माण में सहयोग लिया जा रहा है। यहां कार्यक्रम के संयोजक राम भारती, सह संयोजक नवल वाल्मीकि, नंदन सिंह खड़ायत, सतीश गोयल, अमित पांडेय, रामू जोशी, मनोज, विष्णु भारती, राम कुमार, रघुवीर वाल्मीकि, हुकुम चंद, चौधरी नवल, आशु भारती, शिखा भारती, शांति देवी, माया रहीं। (एजेंसी)

# गुस्साएं अभिभावकों ने किया प्रदर्शन, धन वसूली का लगाया आरोप



पिथौरागढ़ : शासन–प्रशासन के सख्ती के बावजूद निजी स्कूलों में फीस और कॉपी किताबों के नाम पर होने वाली धन वसूली का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। इससे गुस्साए अभिभावक अब सड़क पर उतर आए हैं। यहां अभिभावकों ने प्रदर्शन कर निजी स्कूलों पर री एडमिशन के नाम पर धन वसूली का आरोप लगाया है। उन्होंने प्रशासन से मामले में जांच करने को कहा है।

सोमवार को नगर के टकाना स्थित कलक्ट्रेट में राज्य आंदोलनकारी गोपू महर के नेतृत्व में अभिभावक एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। अभिभावकों का कहना है कि निजी स्कूल प्रबंधक मनमाने तरीके से अभिभावकों से फीस वसूल रहे हैं। इसके अलावा एनसीईआरटी के अतिरिक्त अन्य सिलेबस की किताबें लगाई जा रही हैं।

इसके लिए अभिभावकों को निर्धारित एक दुकान से ही किताबें, कॉपियां, स्कूल ड्रेस खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। बाद में उन्होंने डीएम रीना जोशी को भी ज्ञापन दिया। उन्होंने डीएम से एनसीईआरटी के अतिरिक्त सिलेबस की पुस्तकों पर रोक लगाने, री एडमिशन शुल्क बंद करने, निजी विद्यालयों की ओर से अनुबंधित दुकानों पर प्रतिबंध लगाने, फीस के साथ बस शुल्क आदि के लिए मासिक शुल्क निर्धारित करने की मांग की है। इस मौके पर कमल सूंठा, महेश पाठक, दीपक जोशी, हरीश सिंह, शिवम कापड़ी, अशोक, योगेश, हनी शाह, रामदेव वर्मा सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे। (एजेंसी)

# कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर स्वास्थ्य महकमा अलर्ट



अल्मोड़ा : कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच अल्मोड़ा में स्वास्थ्य महकमा अलर्ट मोड़ पर है। सरकार के निर्देश के बाद सोमवार को जिला अस्पताल समेत जिलेभर के अस्पतालों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से विभिन्न व्यवस्थाओं को परखा। ताकि कोरोना मामले बढ़ने पर मरीजों को समय से उपचार मिल सके। दरअसल देश भर समेत जिले में भी इन दिनों कोरोना के मामले तेजी से बढ़ने लगे हैं। इसको देखते हुए स्वास्थ्य महकमा सतर्क हो गया है। सोमवार को अल्मोड़ा जिला मुख्यालय समेत ब्लॉकों के सभी अस्पतालों में कोरोना को लेकर व्यवस्थाओं को परखा गया। इस दौरान अस्पतालों में ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट, वेंटिलेंटर समेत विभिन्न व्यवस्थाओं को परखा। कर्मचारियों ने पीपीई किट पहनकर मरीज को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर उपचार किया। एंबुलेंस समेत अन्य उपकरणों की भी जांच की गई। इससे की आने वाले समय में कोरोना से आसानी से निपटा जा सके। अधिकारियों ने बताया कि जिला अस्पताल समेत ब्लॉकों के बढ़े अस्पतालों में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

### संविदा कर्मियों की समस्याओं के निराकरण का दिया आश्वासन

रुद्रपुर : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संगठन की जिला स्तरीय कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें समस्याओं को रखा गया। सोमवार को संगठन की बैठक का आयोजन लोहिया हेड रोड स्थित एक निजी हॉल में किया गया। इसमें खटीमा व सितारगंज के कर्मियों ने अपनी–अपनी समस्याओं व मांगों को जिलाध्यक्ष डॉ. संदीप मिश्रा व जिला महासचिव प्रदीप मेहर के सम्मुख रखा। जिलाध्यक्ष डॉ. मिश्रा ने कहा कि पदाधिकारियों की समस्याओं का जल्द निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक कोषाध्यक्ष डॉ रितेश कुमार त्रिपाठी, किरन गुप्ता, डॉ. देशदीपक गौड़, सुनीता गोस्वामी, संदीप कौर, मनोज कुमार पांडेय आदि उपस्थित रहे। (एजेंसी)

# महिलाओं ने किया डीएम कार्यालय में प्रदर्शन



बागेश्वर : नगर की महिलाओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। नगर पालिका के विरुद्ध नारेबाजी की। स्थाई गेट बनने से नाराज हैं। उन्होंने गेटों पर लगे ताले हटाने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

सोमवार को नगर की महिलाएं बड़ी संख्या में कलक्ट्रेट पहुंची। उन्होंने नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। कहा कि नगर पालिका ने नुमाइशखेत में तीन स्थायी गेट बना दिए हैं।

चौरासी क्षेत्र को जाने वाला वाहन मार्ग बंद हो गया है। जिससे लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। पानी की आपूर्ति बाधित होने पर टैंकर आदि भी नहीं पहुंच पा रहा है। गैस का वाहन भी नहीं आ रहा है। क्षेत्र में चार प्रमुख विद्यालय हैं। स्कूल बसें भी बच्चों को नहीं पहुंचा पा रही हैं। दैवीय आपदा के दौरान फायर वाहन के लिए भी मार्ग बाधित हो गया है। नुमाइशखेत मैदान पर बड़े कार्यक्रम आयोजित होते हैं। वीआइपी भी वाहनों के माध्यम से वहां पहुंचते हैं। इसके अलावा बीमार लोगों को अस्पताल ले जाने में भी दिक्कत हो रही है। पार्किंग की असुविधा भी है। उन्होंने कहा कि नुमाइशखेत मैदान पालिका के नाम नहीं है। वह स्थानीय लोगों का है। उन्होंने कहा कि यदि गेट बंद हुए तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इस दौरान गीता कार्की, गीता साह, मनीषा पथनी, हेमा आर्या, संगीता साह, शमा साह, माया साह, कमला साह, दया साह, कविता साह, नूतन साह, नितिन साह, मोहन चंद्र पांडे आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

# विस्थापन की मांग को लेकर किया प्रदर्शन



पिथौरागढ़ : धारचूला क्षेत्र के बेनाप भूमि में निवासरत सात आपदा पीड़ित परिवारों के विस्थापन की मांग को लेकर सोमवार को जवाहर सिंह नबियाल स्टेडियम में आपदा संघर्ष समिति के अध्यक्ष नेत्र कुंवर के नेतृत्व में पीड़ितों ने प्रदर्शन कर नाराजगी जताई। नेत्र कुंवर ने कहां की सरकार के द्वारा नाप भूमि में निवासरत आपदा पीड़ितों का विस्थापन किया जा रहा है। लेकिन बेनाप भूमि के आपदा पीड़ितों के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि आपदा में अपना सब कुछ गवा चुके लोगों के पास प्रशासन को साक्ष्य उपलब्ध कराने के लिए भी कागजात नहीं बचे हैं। सरकार के द्वारा अपने वादे के अनुसार सभी पीड़ितों का उचित विस्थापन किया जाना चाहिए। बेनाप भूमि में निवास करने वाले क्षेत्र के आपदा पीड़ितों ने सरकार से न्याय करने की मांग की है। इस दौरान आपदा संघर्ष समिति की नंदा बिष्ट, लक्ष्मी गुंज्याल, आपदा पीड़ित धन लाल, बिशन वर्मा, पाना देवी, किशन राम, कलावती देवी, सुरेश राम आदि मौजूद रहे।

### समस्याओं का निराकरण न होने पर भड़के ठेकेदार

अल्मोड़ा : विभिन्न समस्याओं का निराकरण नहीं होने से ठेकेदारों में आक्रोश है। नाराज ठेकेदारों ने समस्याओं पर जल्द सकारात्मक कार्यवाही की मांग की है। मामले में पर्वतीय ठेकेदार संघ ने अधीक्षण अभियंता निर्माण मंडल उत्तराखंड पेयजल निगम को ज्ञापन सौंपा। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन में ठेकेदारों ने कहा कि निर्माण शाखा पेयजल निगम की ओर से ठेकेदारों के कार्यों का भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा है। इससे ठेकेदार परेशान हैं। ठेकेदारों ने देयकों का भुगतान करने, दैवीय आपदा मद से कराए जा रहे कार्यों की सूची ठेकेदार यूनियन को उपलब्ध कराने, बांड लागत की विषमताओं को दूर करने, आदि की मांग की।

# मंहगी किताबों को लेकर पूर्व शिक्षा मंत्री पांडे सख्त

रुद्रपुर : एनसीईआरटी की पुस्तकों के साथ निजी विद्यालयों द्वारा महंगी पुस्तकों को लगाने को लेकर पूर्व शिक्षा मंत्री एवं विधायक अरविंद पांडे आक्रामक तेवर में नजर आए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि किताबों के नाम पर लूट बंद नहीं हुई तो इसकी जिम्मेदारी संबधित अधिकारी की होगी।

सोमवार को गूलरभोज आवास स्थित कैंप कार्यालय में पूर्व शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे ने खंड शिक्षा अधिकारी ब्लॉक गदरपुर बीएन पांडे व अन्य विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने जनहित में एनसीईआरटी की पुस्तकें लागू की हैं। इसके बावजूद निजी विद्यालयों द्वारा साथ में मंहगी किताबें लगाकर अभिभावकों को लूटा जा रहा है। उन्होंने डीएम से फोन पर वार्ताकर कहा कि जिले की एनसीईआरटी पुस्तकों के विषय में समीक्षा बैठक की जाए। जिन अधिकारियों की लापरवाही से विद्यालयों में महंगी पुस्तकें लगाकर ठगी की जा रही है, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। जिन विद्यालयों में बच्चों के पाठ्यक्रम की पुस्तकों और संबंधित सामग्री को चिह्नित किए गए स्थानों से लेने के लिए बाध्य किया जा रहा है, उसे शीघ्र रोका जाए। उन्होंने कहा कि मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। (एजेंसी)

### बीजेपी ने शुरू किया दीवार लेखन कार्य

अल्मोड़ा : भाजपा की ओर से सामाजिक न्याय सप्ताह के तहत दीवार लेखन का काम शुरू किया गया। सोमवार को नगर मंडल अल्मोड़ा की ओर से रोडवेज वर्कशॉप के पास से लेखन कार्य का शुभारंभ किया गया।

नगर मंडल अध्यक्ष अमित साह ने बताया कि दीवार लेखन कार्य की सोमवार से शुरुआत कर दी गई है। उन्होंने बताया कि अब शहर के विभिन्न बूथों पर दीवार लेखन कार्य कर पार्टी का प्रचार–प्रसार किया जाएगा। यहां पूर्व राज्य मंत्री गोविंद पिलख्वाल, जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुरुरानी, आईटी के जिला संयोजक गोविंद मटेला, हयात सिंह बिष्ट, पीयूष कुमार, मुकेश गुरुरानी, अभिषेक जोशी, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। (एजेंसी)

# विश्व होम्योपैथिक दिवस पर विद्या मंदिर में लगा निःशुल्क शिविर

रुद्रपुर : विश्व होम्योपैथिक दिवस पर स्थानीय राजकीय चिकित्सालय ने निःशुल्क एकदिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में पहुंचे लोगों को निःशुल्क दवायें वितरित की गई। सोमवार को सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में शिविर का शुभारंभ चिकित्सालय प्रभारी डा. शिखा सम्मल एवं प्रधानाचार्य श्रीमती अनमोला शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शिविर में 112 लाभार्थियों का परीक्षण किया गया साथ ही उन्हें निःशुल्क दवायें भी वितरित की गई। डा. शिखा ने बताया कि होम्योपैथ निर्देशक डॉ. जेएल फिरमाल, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश चंद्र जोशी के आदेशानुसार इस कैंप का आयोजन किया गया है। कहा कि शिविर के साथ ही टीम द्वारा स्वस्थ जीवन शैली हेतु लाइफस्टाइल मोडिफिकेशन आदि पर कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। यहां पर योग अनुदेशक नाज द्वारा योगाभ्यास सत्र आयोजित किया। शविर में कुल 112 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। मौके पर प्रधानाचार्य श्रीमती अनमोला शर्मा, फार्मासिस्ट वतन कुमार, शहनाज एवं आशा कार्यकत्री पूनम शर्मा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### जल्द करें सड़कों का सौंदर्यीकरण : डीएम

रुद्रपुर : पर्यटन सीजन शुरू होने वाला है। इसके लिए डीएम युगल किशोर पंत ने सड़कों के सौंदर्यीकरण को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि कुमाऊं में आने वाले पर्यटकों के लिए जिले की सड़कें अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटक जिले की जिन सड़कों से होकर गुजरते हैं, उन सड़कों का सौंदर्यीकरण जल्द से जल्द किया जाए, ताकि पर्यटक यहां से सुखद यादें लेकर जाएं। इसके लिए उन्होंने हाईवे पर झूलते हुए तारों को ठीक करने, सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने और प्रमुख सड़कों के किनारे भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतियोगिताएं जरूरी

बागेश्वर : नीति आयोग भारत सरकार द्वारा सेंट एडम्स पब्लिक स्कूल गरुड़ में दो दिवसीय अटल टिंकरिंग लैब में रोबोटिक्स एवं 3 डी प्रिंटिग का बेसिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रतिभागी बच्चों द्वारा ब्लॉक के अन्य विद्यालयों के बच्चों को प्रशिक्षित किया जाएगा। विद्यालय के प्रबंधक जावेद सिद्दकी ने बताया कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के विभिन्न क्रियाकलापों का आयोजन किया जाता है। कहा कि नीति आयोग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम बच्चों के भविष्य को संवारने में मददगार साबित होंगे। इस दौरान प्रधानाचार्या रजिया सिद्दकी, ट्रेनर कपिल राना, सचिन राना, आईटी प्रभारी मुर्शील सिद्दकी, कंप्यूटर प्रभारी दिनेश रौतेला आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# दो परीक्षाएं एक साथ होने से छात्र परेशान



पिथौरागढ़ : अग्निवीर सेना भर्ती और महाविद्यालय की परीक्षाएं एक साथ होने से अभ्यर्थी असमंजस में हैं। छात्रसंघ ने कुलपति को पत्र भेजकर परीक्षाओं की तिथि में संशोधन करने की मांग की है।

अग्निवीर सेना की भर्ती के लिए 17 अप्रैल से 26 अप्रैल तक ऑनलाइन परीक्षाएं प्रस्तावित हैं। इसमें युवा ट्रेडसमैन, क्लर्क, स्टोर कीपर, सोल्जर टेक्निकल नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेटरिनेरी सहित अन्य पदों पर होने वाली भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा में शामिल होंगे। महाविद्यालय में 8 मार्च परीक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं, जो मई माह तक चलेंगी। छात्रसंघ अध्यक्ष रितिक पाण्डेय और सांस्कृतिक सचिव गौरव चंद्र पंत ने नोडल अधिकारी डॉ.हेम चंद्र पाण्डेय के माध्यम से कुलपति को ज्ञापन भेजा। उन्होंने परीक्षाओं की तिथि में जल्द संशोधन करने की मांग की है। परीक्षा का केंद्र हल्द्वानी बनाने से आक्रोशः अग्निवीर सेना भर्ती व केंद्रीय परीक्षाओं का केंद्र हल्द्वानी बनाने पर युवाओं ने आक्रोश जताया है। बेरोजगार संगठन के हिमांशु जोशी ने कहा कि सहायक लेखाकार परीक्षा के लिए भी पिथौरागढ़ में परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया है। प्रदेश व केंद्र सरकार पिथौरागढ़ में परीक्षा के स्थाई केंद्र तक नहीं बना पा रही है। युवाओं ने बताया कि अग्निवीर परीक्षा के आवेदन करते वक्त पिथौरागढ़ परीक्षा केंद्र दिखाया गया था। प्रवेश पत्र जारी होने के बाद परीक्षा केंद्र हल्द्वानी दिखाया जा रहा है। (एजेंसी)

# वर्षों बाद भी सड़क के कलमठ और दीवारों का काम अधूरा

अल्मोड़ा : सेलापानी-खनोलिया-रीठामहादेव-बनघट सड़क में द्वितीय चरण का कार्य शीघ्र शुरू करने की मांग को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने तहसील प्रशासन के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा है। इसमें शीघ्र कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में कहा है उद्घाटन के वर्षों बाद भी सड़क के कलमठ और दीवारों का काम अधूरा पड़ा हुआ है। इससे सड़क का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। गर्भवतियों को प्रसव के समय अस्पताल ले जाने में दिक्कतें आ रही है, साथ ही खनोलिया, खैरिया, धारपाती, गुडदयो, रीठा महादेव, उड्डुली, सिंगोली, बौली,चापड़ आदि गांवों के ग्रामीणों को सड़क लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा है सड़क का कार्य शीघ्र शुरू नहीं किया गया तो आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

ज्ञापन देने वालों में प्रधान खनोलिया ललिता पांडे, प्रधान उणुली पुष्पा देवी, प्रकाश सिंह, हरगोविंद, पान सिंह, रघुवर सिंह,सरस्वती आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

# ब्लॉक प्रमुख ने किया शहीद स्मारक का अनावरण

पिथौरागढ़ : राजकीय इंटर कॉलेज धारचूला में 14वी वाहिनी आइटीबीपी के द्वारा सेनानी हरेंद्र सिंह चौहान के निर्देशों पर शहीद स्मारक का निर्माण किया गया है।

शहीद हरीश सिंह धामी खेला निवासी की 30 जुलाई 2019 को रिलकोट मिलम व शहीद देव चरण सिंह धामी जुम्मा निवासी की 1 दिसंबर 2019 को झारखंड विधान सभा चुनाव के दौरान तबीयत खराब होने से मौत हो गई थी। सोमवार को ब्लाक प्रमुख धन सिंह धामी व सहायक सेनानी डॉ. केश-व कुमार ने शहीदों के स्मारक का अनावरण किया। ब्लाक प्रमुख ने राष्ट्रीय सेवा में सर्वस्व बलिदान करने वाले वीर सैनिकों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। आइटीबीपी के द्वारा शहीदों के परिजनों को पुष्पगुच्छ व शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन कर सम्मानित किया गया। आइटीबीपी के द्वारा शहीदों के परिजनों को भविष्य में हर संभव मदद दिए जाने का आश्वासन भी दिया गया। इस दौरान मुनस्यारी पोस्ट कमांडर जितेंद्र कुमार विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह दरियाल बीजेपी मंडल अध्यक्ष ग्रामीण हरीश धामी कैलाश धामी हरीश गुंज्याल महेश जोशी सहित शहीदों के परिजन भी मौजूद रहे। (एजेंसी)

### वन कर्मी पर हमला करने वालों तक नहीं पहुंची अभी पुलिस की तलाश शुरू

रुद्रपुर : सुरई रेंज में वनकर्मी पर हमला करने वाले तस्करों की तलाश में वन विभाग और पुलिस ने कई जगह दबिश दी। लेकिन कोई भी आरोपी पकड़ में नहीं आया। पुलिस ने जल्द आरोपियों को पकड़ने की बात कही है। बीते दिनों सुरई रेंज में वन बीट अधिकारी दीपक कुमार के नेतृत्व में वन कर्मी कम्पार्ड संख्या 46 में गश्त कर रहे थे। उन्हें पांच-छह लोग लकड़ी काटते हुए दिखाई दिए। उन्होंने लकड़ी काटने से रोका तो तस्करों ने हाथापाई कर दी।

### सप्लीमेंट किताबें मंगाने पर अभिभावकों में आक्रोश

पिथौरागढ़ : प्राइवेट स्कूलों की ओर से एनसीईआरटी के अलावा सप्लीमेंट किताबों मंगाने पर अभिभावकों ने आक्रोश जताया है। सोमवार को जाग उठा पहाड के संयोजक गोपू महर के नेतृत्व में अभिभावकों ने डीएम को ज्ञापन दिया। कहा कि प्राइवेट स्कूल बस्ते में सप्लीमेंट किताबों के नाम पर अभिभावकों का उत्पीड़न कर रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन किताबों के लिए भी एक दुकान में जाने की बात कह रहे हैं। रि एडमिशन के नाम पर बच्चों से फीस ली जा रही है। डीएम रीना जोशी ने टीम बनाकर कार्रवाई करने की बात कही। (एजेंसी)

# पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार



रुद्रपुर : आईआईएम पार्किंग कुंडेश्वरी में खडे अवैध खनन में सीज डंपर को वन विभाग के फर्जी हस्ताक्षर व कागजात तैयार कर ले जाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वन क्षेत्रधिकारी की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है। 9 अप्रैल 2022 को वन क्षेत्रधिकारी ललित कुमार आर्या ने पुलिस को तहरीर दी। आईआईएम खड़े अवैध खनन में सीज डंपर को ग्राम इमरताराय थाना स्वार जिला रामपुर निवासी इरफान अली पुत्र सुभान ने सीज डंपर को वन विभाग के फर्जी हस्ताक्षर व कागजात तैयार कर ले गया है। पुलिस ने उक्त मामले में धारा 420, 467, 468, 471 आईपीसी में मुकदमा दर्ज किया था। रविवार की देर शाम मुखबिर की सूचना पर कुंडेश्वरी पुलिस ने आरोपी को केलामोड़ से धर दबोचा। पुलिस टीम में एसआई विनोद जोशी, मुकेश कुमार व कुलदीप सिंह शामिल रहे। (एजेंसी)

# वेतन एवं पेंशन में विसंगतियों के विरोध में पूर्व सैनिकों ने निकाली रैली

**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : नगर पंचायत सतपुली में नयार घाटी गौरव सैनानी संगठन की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सैनिकों के वेतन और पेंशन विसंगतियों को ठीक करने को लेकर अपने विचार रखे गए। बैठक के बाद पूर्व सैनिकों ने वेतन एवं पेंशन में विसंगतियों के विरोध में सतपुली बाजार में रैली निकाली।

सोमवार को सेनि. कैप्टन रणधीर सिंह नेगी ने बताया कि वेतन एवं पेंशन में विसंगतियों को लेकर काफी समय से उसे सही किए जाने की नयार घाटी गौरव सैनानी संगठन सतपुली मांग कर रहा है।

संगठन ने जेसीओ, एनसीओ जवानों की पेंशन पहले की तरह 70 फीसदी करने, वेतन और पेंशन फिटमैट फैक्टर सबके



: सतपुली बाजार में पूर्व सैनिक वेतन एवं पेंशन में विसंगतियों के विरोध में रैली निकालते हुए।

लिये एक समान किये जाने, स्वैच्छिक सेवा निवृति वाले पूर्व सैनिकों को भी समान पद समान वेतन का लाभ मिले, अपंगता पेंशन भी सभी पदों की एक समान हो सहित अन्य मांगों को लेकर प्रधानमंत्री को एक मांग पत्र उपजिलाधिकारी सतपुली के माध्यम से भेजा।

इस मौके पर रणधीर सिंह नेगी, भगवान सिंह रौतेला, आनंद मणि बलोनी, मदन सिंह पंवार, बलबीर सिंह नेगी, शेखर सिंह, स्वरुप सिंह, बालेश्वरी देवी, राजेश्वरी देवी, संगीता देवी, अर्जुन सिंह, गौतम सिंह बिष्ट, सुरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## हरकीदून घाटी पर्यटकों से गुलजार

चमोली : विश्व विख्यात पर्यटक स्थल हरकीदून घाटी लगातार पर्यटकों से गुलजार नजर आ रही है। देश विदेश से पर्यटकों की बड़ी संख्या में पहुंचने से यहां पर्यटन व्यवसाय से जुड़े स्थानीय लोगों के चेहरे खिल उठे हैं। रविवार को श्री श्री यूनिवर्सिटी उड़ीसा के छात्र–छात्राओं का एक दल हरकीदून ट्रैक से वापस लौटा। यूनिवर्सिटी के लीडर धर्मेश पटेल ने बताया कि हरकीदून ट्रैक बेहद खूबसूरत है। क्षेत्र में पर्यटकों की आमद लगातार बढ़ रही है। पर्यटक बढ़ने पर स्थानीय लोगों का कहना है कि पर्यटक हरकीदून घाटी, केदारकांठा, भडार सर, देवक्यार, विजय टाप आदि के भ्रमण के दौरान गांव में रुकना भी पसन्द कर रहे हैं। बता दें कि मोरी विकास खण्ड के गोविद वन्य जीव विहार राष्ट्रीय पार्क क्षेत्र में हजारों की संख्या में पर्यटक घूमने पहुंचते हैं। ऑर्गनाइजेशन हिमालयन हाइकर्स के भगत सिंह रावत ने बताया कि सांकरी मुख्यालय से 27 ट्रैक रुट निलकते हैं।

# कोरोना को लेकर पर्याप्त आवश्यक संसाधन मौजूद : सीएमओ



मॉक ड्रिल के दौरान चिकित्सक मरीज की जांच करते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : भारत सरकार के निर्देशन पर जनपद पौड़ी के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित बडे अस्पतालों में मॉकड्रिल की गई। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीन कुमार ने बताया कि कोरोना को लेकर पौड़ी जनपद में सभी चिकित्सालयों में पर्याप्त आवश्यक संसाधन मौजूद हैं। उन्होंने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को कोरोना के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये हैं।

उन्होंने कहा कि कोरोना के केसों की जनपद स्तर से निरन्तर निगरानी की जा रही है। भारत सरकार ने कोविड के बढ़ते संक्रमण को देखते हुये 10 व 11 अप्रैल को मॉकड्रिल के निर्देश दिये थे। संभावित कोरोना के केसों में बढ़ोतरी होती है तो ऐसी स्थिति में ऑक्सीजन व आवश्यक दवाओं की उपयोगिता और पर्याप्त मात्रा में अन्य सामाग्री उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। साथ ही ऑक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता की भी जांच हो सके। पूरे जनपद में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, जिला चिकित्सालय पौड़ी, उप जिलाचिकित्सालय श्रीनगर, बेस चिकित्सालय श्रीनगर व कोटद्वार सभी जगह पर मॉकड्रिल की गयी है।

# जनता के साथ स्थानीय मुद्दों को उठाकर भाजपा सरकार को बैकफुट पर खड़ा किया

रूद्रप्रयाग : उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा के एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर कांग्रेसियों ने खुशी जताई। उन्होंने मिठाई बांटकर एक दूसरे को बधाई दी। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष के कार्यकाल को सराहनीय बताया।मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में एकत्रित होकर जिले के कांग्रेसियों ने मिष्ठान वितरण कर खुशी जताई। उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सूरज नेगी ने कहा कि जिस प्रकार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा द्वारा लगातार कार्यकर्ताओं के बीच संवाद बनाकर पार्टी को राष्ट्रीय कार्यक्रमों का सफल आयोजन राज्य में करवाया उसे पार्टी कार्यकर्ताओं का लगातार मनोबल ऊंचा हुआ है।

प्रदेश अध्यक्ष द्वारा राज्य में कांग्रेस की स्थिति को मजबूत करने के लिए निष्क्रिय हो रहे पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर पार्टी को मजबूती प्रदान की गई। जनता के साथ ही स्थानीय मुद्दों को लगातार उठाकर राज्य की भाजपा सरकार को बैकफुट पर खड़ा किया। नेगी ने कहा एक साल में कांग्रेस ने मुख्य विपक्षी दल के नाते जनता की हर लड़ाई को लड़ने का प्रयास किया।

## सीयूईटी यूजी में 11 अप्रैल तक करें पंजीकरण

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि में सत्र 2023-24 के स्नातक (यूजी) पांठ्यक्रमों में प्रवेश सीईयूटी के माध्यम से किए जाने हैं। इसके लिए एनटीए द्वारा आयोजित कराई जाने वाली परीक्षा में छात्र-छात्राओं के पंजीकरण की तिथि 30 मार्च तक थी। गढ़वाल विवि के सीयूईटी के नोडल अधिकारी प्रो. अनिल कुमार नौटियाल ने बताया कि एनटीए ने अपने सार्वजनिक नोटिस के द्वारा यह तिथि 9 अप्रैल से 11 अप्रैल रात्रि 11.59 बजे तक विस्तारित कर दी है। (एजेंसी)

# श्रीनगर और देवप्रयाग यात्रा का मुख्य पड़ाव

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : चार धाम यात्रा के थाना श्रीनगर एवं देवप्रयाग क्षेत्र मुख्य पड़ाव हैं। देवप्रयाग-श्रीनगर से ही बद्रीनाथ केदारनाथ की यात्रा का संचालन होता है। जिस कारण यहां पर तैनात पुलिस बल की जिम्मेदारियां और भी बढ़ जाती हैं। जिसके दृष्टिगत आगामी चारधाम यात्रा-2023 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत यात्रा में नियुक्त पुलिस कार्मिकों को यात्रा रूट पर तैनाती से पूर्व महिला थाना श्रीनगर में दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण के अन्तर्गत आपदा बचाव, पर्यटकों के साथ पुलिस का व्यवहार की जानकारी, ट्रैफिक नियमों तथा आपदा की स्थिति में रूट डायवर्जन आदि की जानकारी दी जा रही है। एसएसपी श्वेता चौबे ने प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। चारधाम यात्रा के दौरान किसी आपदा की घटना घटित होने पर त्वरित कार्यवाही हेतु घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार देने,



घायलों की सहायता करने, रॉक क्लाइबिंग, रेपलिंग, रिवर क्रॉसिंग, घायल व्यक्तियों को ऊँचाई वाले स्थानों से सुरक्षित निकलने के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया। एसएसपी ने पुलिस कार्मिकों को पर्यटकों एवं आम जनता के साथ मित्र पुलिस की तरह व्यवहार कर उनकी हर सम्भव सहायता एवं सुरक्षा करने, आपदा की स्थिति में तैयारी की हालत में रहने हेतु के निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि आगामी चारधाम यात्रा को लेकर पुलिस ने तैयारियां पुख्ता कर ली है। इस बार चार धाम मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल के साथ उपरोक्त दो दिवसीय प्रशिक्षण देकर होमगार्ड एवं पीआरडी जवानों को भी तैनात किया जाएगा, ताकि यात्रा के दौरान किसी भी श्रद्धालु/पर्यटक को कोई समस्या न हो। यात्रा ड्यूटी में नियुक्त पुलिस कार्मिकों, होमगार्ड एवं पीआरड़ी जवानों को अपने क्षेत्र के पेट्रोल पंपो, वाहनों के सर्विस सेन्टरों, पर्यटक स्थलों, पार्किगों, मन्दिरों आदि की जानकारी अवश्य रूप से होनी चाहिये। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक श्रीनगर श्याम दत्त नौटियाल, प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर रवि कुमार सैनी, मेडिकल कॉलेज श्रीनगर से मनोवैज्ञानिक चिकित्सक श्रीमती नीतू जखमोला, फिजीशियन केएस बुटोला, अस्थिरोग विशेषज्ञ दयाकिशन टम्टा, एसडीआरएफ टीम श्रीनगर द्वारा पुलिस कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया।

# यात्रियों एवं जनता के साथ मधुर व्यवहार रखें : डीएम

## सेक्टर एवं सहायक सेक्टर अफसरों को यात्रा के सफल संचालन को लेकर दिया प्रशिक्षण

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : श्री केदारनाथ धाम की यात्रा को सुव्यवस्थित एवं सफलता पूर्वक संचालित करने के लिए आने वाले तीर्थ यात्रियों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए यात्रा व्यवस्थाओं में तैनात किए गए सेक्टर एवं सहायक सेक्टर ऑफिसरों को जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में उचित प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया, ताकि यात्रा के सफल संचालन में किसी प्रकार की कोई परेशानी एवं दिक्कत न होने पाए।

उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी आने वाले यात्रियों एवं सभी लोगों के साथ अपना मधुर व्यवहार रखें।

उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार की कोई समस्या है तो इसकी जानकारी तत्काल ग्रुप एवं संबंधित



अधिकारी को प्रेषित किया जाए।केदारनाथ यात्रा के सफल संचालन के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सेक्टर एवं सहायक अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि केदारनाथ धाम में दर्शन करने आने वाले तीर्थ यात्रियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो, उन्हें जो दायित्व एवं जिम्मेदारी दी गई हैं उसका निर्वहन कुशलता एवं संवेदनशीलता के साथ करें। उन्होंने कहा कि यात्रा व्यवस्था के सफल संचालन हेतु सेक्टर अधिकारियों एवं सहायक सेक्टर अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी सेक्टर एवं सहायक सेक्टर अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिस भी सेक्टर में उनकी तैनाती की गई है वह उस क्षेत्र के सभी अधिकारियों, कार्मिकों, क्षेत्र के व्यापारियों एवं स्थानीय लोगों से बेहतर समन्वय स्थापित करें ताकि किसी भी प्रकार की व्यवस्था एवं समस्या का त्वरित निराकरण किया जा सके।

जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि यदि यात्रा मार्ग में किसी प्रकार की कोई समस्या होती है तो उसके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों के मोबाइल नंबर सभी सेक्टर एवं सहायक सेक्टर अधिकारियों के पास होना आवश्यक है, ताकि वह तत्काल संबंधित अधिकारी को सूचना प्रेषित करते हुए संबंधित समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार एवं उप जिलाधिकारी ऊखीमठ जितेंद्र वर्मा ने सेक्टर एवं सहायक सेक्टर मजिस्ट्रेटों को उनको सौंपे गए दायित्वों के बारे में पीपीटी के माध्यम से विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी केदारनाथ इंद्र सिंह नेगी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया, उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग अपर्णा ढौंडियाल, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चैबे, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार, प्रबंधक जी मैक्स रोहित सम्याल सहित संबंधित अधिकारी सेक्टर एवं सहायक सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

# नाबालिग को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

नई टिहरी : पुलिस ने घनसाली क्षेत्र से एक नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने के आरोपी को नरेंद्रनगर थाना क्षेत्र के जाजल से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के साथ पुलिस को नाबालिग भी मिली। पुलिस ने मेडिकल टेस्ट करवाने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।घनसाली थानाध्यक्ष सुखपाल सिंह ने बताया कि बीते छह अप्रैल को घनसाली क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की के पिता ने थाने में तहरीर दी, कि पांच अप्रैल को एक अज्ञात युवक उनकी नाबालिग पुत्री को बहला–फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर एक टीम गठित की जो मामले की छानबीन में जुट गई। पुलिस ने मामले में छानबीन करते हुये रविवार को नरेन्द्रनगर थाना क्षेत्र की जजाल चौकी के पास से आरोपी जसपाल सिंह (26) पुत्र बलबीर सिंह निवासी ग्राम कस्तल मंदार थाना घनसाली के साथ नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्त जसपाल को गिरफ्तार कर मेडिकल टेस्ट करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है। बताया पीड़िता के मेडिकल कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है। मेडिकल टेस्ट के बाद पीड़िता को परिजनों को सौंप दिया जाऐगा। पुलिस टीम में कमल कुमार, कमल कुमार, वर्षा रमोला, दीपक रावत, राकेश छावड़ी, नजाकत, शुभकरण, इन्दुरानी आदि शामिल थे। (एजेंसी)


**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र दीपक खड़का की जन्मतिथि 15-08-2011 है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम भूलवश अगस्टीन खड़का व उसकी माता का नाम अमृता रोश खड़का दर्ज हो गया है, जबकि मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम दीपक खड़का (DEEPAK KHADKA) व उसकी माता का नाम अमृता है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही व वास्तविक नाम दीपक खड़का (DEEPAK KHADKA) व उसकी माता का नाम अमृता लिखा व पढ़ा जाय।

**अमृता पत्नी श्री टेक सिंह जोत खड़का निवासी ग्राम सिम्मलचौड़, नियर गैस गोदाम, पोस्ट ऑफिस पदमपुर, पट्टी सुखरो, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**


# डीएम ने किया दफ्तरों का निरीक्षण, 76 अधिकारी और कर्मचारी मिले अनुपस्थित

नई टिहरी : डीएम टिहरी डॉ. सौरभ गहरवार ने जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न दफ्तरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न दफ्तरों में 76 अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित मिले। जिसके बाद उन्होंने सीडीओ से अनुपस्थित पाये गए समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।

तीन दिनों की छुट्टी के बाद सोमवार को सरकारी दफ्तर खुले। इधर, डीएम डॉ. सौरभ गहरवार सुबह करीब दस बजे ही जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न दफ्तरों में औचक निरीक्षण के लिये पहुंच गए। डीएम ने लघु सिंचाई, ग्रामीण निर्माण विभाग, जिला अर्थ एवं संख्या, समाज कल्याण, पीएमजीएसवाई, डीआरडीए, बाल विकास, सेवायोजन, मत्सय, पंचस्थानीय, जिला बचत, युवा कल्याण सहित अन्य दफ्तरों का औचक निरीक्षण किया। निरक्षण के दौरान उक्त दफ्तरों के 76 अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित मिले। कुछ दफ्तरों के बाहर लोगों की भीड़ भी थी जो अपना काम कराने आये हुए थे। लेकिन कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अनुपस्थित की वजह से वह परेशान हुए। इधर, डीएम के औचक निरीक्षण की सूचना के बाद इन कार्यालयों में हड़कंप मच गया। इतने सारे अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अनुपस्थित देखकर डीएम ने नाराजगी दर्ज की।

# यात्रा मार्ग पर निर्माण कार्यों को तय सीमा में पूरा करें : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने सोमवार को हेमकुंड यात्रा मार्ग पर संचालित अवस्थापना विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि यात्रा मार्ग पर संचालित निर्माण कार्यों में पर्याप्त संख्या में मजदूर लगाते हुए यात्रा सीजन से पहले सभी कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। यात्रा मार्ग पर फोल्डिंग रैन सेल्टर के लिए स्थल चिन्हित करते हुए शीघ्र इसका आंगणन उपलब्ध करें। यात्रियों की सुविधा के लिए पैदल मार्ग में बैंच, साइनेज, यात्री शैड, स्टोन सेट पेवमेन्ट एवं अन्य अवशेष कार्यों को भी शीघ्र पूरा करें।





अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा ने बताया कि पुलना में दोनों पार्किंग निर्माण एवं घांघरिया तक रैलिंग लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। घांघरिया से ऊपर बर्फ पिघलने पर कार्य शुरू किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए हेमकुंड यात्रा मार्ग पर मोडों का सुधारीकरण, घांघरिया में बाईपास मार्ग, पुलना से घांघरियां तक रेलिंग व स्टोन सेट पेवमेंट, विभिन्न स्थानों पर रैन शैल्टर, यात्री शैड, घोडा पडाव, बैंच, साइनेज, माइल स्टोन आदि निर्माण कार्य किए जा रहे है। बैठक में अपर जिलाधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी, लोनिवि के अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, अधिशासी अभियंता एसएस पटवाल आदि उपस्थित थे।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**

**निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी०एस०टी, ई०पी०एफ व ई०एस०आई में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) दिनांक 28.04.2023 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 27.04.2023 को 13.00 बजे तक रू0 100/– (जीएसटी अतिरिक्त) प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं। निविदा संख्या 01/23–24–वि०वि० उपखण्ड प्रथम, कोटद्वार के विभिन्न क्षेत्रों में परिवर्तको की क्षमतावृद्धि का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 5000.00।

पत्रांक : 1023/विविखको/टी–6
दिनांक : 10.04.2023

अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

(CIN) U40109UP2001SG025867/2358 "विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें"
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)



आज़ादी का अमृत महोत्सव **उत्तर रेलवे** G20

**निविदा सूचना**

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 10.04.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/।।।/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपोजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 15-DRM-MB-23-24 Date 10.04.2023 | 13-DRM-MB-23-24 Date 07.04.2023 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सहायक मंडल अभियंता उ.रे. बरेली के अधीन रामपुर स्टेशन पर दिव्यांगजनों के लिए फुट ओवर ब्रिज, उच्च स्तरीय प्लेटफार्मों और न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के संबंध में सिविल कार्य। | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सहायक मंडल अभियंता उ.रे. शाहजहांपुर के अधीन शाहजहांपुर स्टेशन पर दिव्यांगजनों के लिए फुट ओवर ब्रिज, उच्च स्तरीय प्लेटफार्मों और न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के संबंध में सिविल कार्य। |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 02.05.2023 16:00 | 02.05.2023 16:00 |
| अनुमानित लागत | 5,60,11,496.02 | 7,38,27,664.16 |
| धरोहर राशि | 4,30,100.00 | 5,19,100.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 18.04.2023 | 18.04.2023 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 09 माह | 09 माह |

1075/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# व्यवसायियों ने सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

उत्तरकाशी : यात्रा की एडवांस बुकिंग प्रभावित होने के बाद उत्तरकाशी के होटल व्यवसायियों ने कलक्ट्रेट परिसर में धरना देते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया। व्यवसायियों ने चारधाम में यात्रियों की सीमिति संख्या और ऑनलाइन पंजीकरण को शीघ्र खत्म करने की मांग रखी।सोमवार को होटल एसोसिएशन उत्तरकाशी से जुड़े होटल कारोबारी अध्यक्ष शैलेंद्र मटूड़ा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कलक्ट्रेट परिसर पहुंचे। यहां सरकार के खिलाफ नारेबाजी व प्रदर्शन कर होटल कारोबारियों ने सरकार पर चारधाम की उपेक्षा की आरोप लगाया। डीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजते हुए प्रदर्शनकारियों ने चारधाम में यात्रियों की सीमित संख्या का कड़ा विरोध जताया। अध्यक्ष शैलेंद्र मटूड़ा ने कहा कि यात्रियों के निर्धारण और ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था के चलते इस बार 35 से 40 फीसदी तक ही बुकिंग आई है। इससे होटल कारोबारियों को भारी नुकसान होने की आशंका है। केवल मई और जून में 40 दिन की अधिकतम यात्रा होती है और साल के 6 महीने खाली बैठे रहते हैं। होटल कारोबारियों का पानी बिजली बिल, भवन कर, सीवर कर, प्रदूषण बोर्ड के शुल्क, जिला पंचायत के कर, अन्य सरकारी कर को भरना पड़ता है। यमुनोत्री में 5500 की संख्या निर्धारित होने से यात्रियों को ऑनलाइन पंजीकरण स्लॉट नहीं मिल पा रहा है, जबकि गंगोत्री में 55, केदारनाथ में 35, बद्रीनाथ में 50 प्रतिशत स्लॉट खाली हैं। चारधाम होटल एसोसिएशन अध्यक्ष अजय पुरी ने सरकार पर यात्रा को चौपट करने का आरोप लगाया। कहा कि सरकार की गलत नीति होने से होटलों में बुकिंग कम मिल रही है। धरना प्रदर्शन करने वालों में दीपेन्द्र पंवार, बिन्देश कुड़ियाल, धीरज सेमवाल, प्रकाश भद्री, शूरवीर चौहान, गोविंद चौहान, अतोल सिंह रावत, मनोज रावत, विमल सेमवाल, धीरेन्द्र कुकरेती मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# उपहास का केंद्र शिक्षा विभाग

नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत के साथ हर बार की तरह इस बार भी निजी स्कूलों की लूट शुरू हुई जिस पर सरकार लगाम नहीं कस पाई। जब तक राज्य सरकार कुंभकरण की नींद से जागते तब तक लाखों करोड़ों रुपए का खेल निजी प्रकाशन समूह स्कूलों की मदद से खेल चुके थे। मनमानी दामों पर पुस्तकें स्कूल द्वारा थोपे गए नए खर्चे अभिभावक झेलने को विवश है। किताबें खरीदी जा चुकी है जबकि यूनिफॉर्म खरीदना स्कूलों का एक ऐसा तुगलकी फरमान है जिसे नकारना अभिभावक के बूते की बात नहीं है। एक महीने के अंदर अभिभावकों का बजट इस प्रकार बिगड़ गया कि अगले तीन चर महीने के खर्चों में कटौती करना व्यवस्था बन गई। इधर हल्ला हुआ, लेकिन सरकार सोती रही। जब तक सरकार को नींद से जगाया जाता तब तक बहुत देर हो चुकी थी और किताबों का खेल लगभग निपट चुका था। निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ सरकार ढोल पिटती रह गई जबकि पहले ही लाखों करोड़ों के वारे न्यारे किए जा चुके थे। अब तमाम राजनीतिक संगठन और समाज सेवा का ढोंग करने वाले, निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं जिसका अब कोई औचित्य नहीं रह गया है। जो कार्य सरकार को गत सत्र की परीक्षा समाप्त होने के बाद करना चाहिए था वह सरकार नया सत्र शुरू होने के बाद भी नहीं कर पाई। अब सरकार की ओर से स्कूलों की मनमानी के खिलाफ दिशा निर्देश जारी किए जा रहे हैं, नोटिस भेजे जा रहे हैं जो मात्र एक औपचारिकता से अधिक कुछ नहीं है। ना जाने कितने ही ज्ञापन मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को भेजे जा चुके हैं। मांग यह की जा रही है कि महंगी किताबें खरीदने के लिए बाध्य करने वाले स्कूलों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए, लेकिन क्या खरीदी हुई पुस्तकों का आकलन सरकार करेगी? निजी स्कूलों की मनमानी इस कदर बेलगाम हो चुकी है कि एक स्कूल ने तो फीस का भुगतान करने को लेकर एक छात्रा को 3 घंटे तक अवैध रूप से स्कूल में बंधक बनाए रखा और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। निजी स्कूल केवल नई किताबें खरीदवाने के लिए हर साल सिलेबस बदल रहे हैं और केवल एक बच्चे की किताबों पर ही अभिभावक को दस से 12 हजार तक खर्च करना पड़ रहा है। निजी स्कूल मनमाने ढंग से अपने-अपने सिलेबस लागू कर रहे हैं और अपने प्रकाशकों की महंगी किताबें खरीदने के लिए अभिभावकों पर दबाव बना रहे हैं , जबकि विभिन्न न्यायालयों ने इस पर अंकुश लगाने के आदेश दिए हुए हैं। ऐसा नहीं है कि यह सब वर्तमान सरकार के कार्यकाल में ही सामने आया है अपितु कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भी यही सब देखने को मिला था। जरूरत है सरकार स्कूलों में पढ़ाई जाने वाली किताबों, यूनिफॉर्म और फीस के लिए एक समुचित रेगुलेशन एक्ट बनाए। फीस एक्ट की बात पूर्व में की गई थी लेकिन या एक्ट कहां और किस हालत में है यह कोई नहीं जानता। सांप निकल जाने के बाद लकीर पीटने का काम शिक्षा विभाग कर रहा है जिसके कारण न केवल विभाग उपहास का केंद्र बन रहा है बल्कि निजी स्कूलों के आगे घुटने टेकने की विभाग की विवशता भी साफ नजर आ रही है।

# शशि थरूर की गुगली से चित कांग्रेस

**कांग्रेस को भी मन ही—मन यह बात सालती है कि उसे हाशिये पर धकेल कर उसी के जनाधार पर खड़े क्षेत्रीय दल अब राष्ट्रीय राजनीति का भी सपना देखने लगे हैं, पर नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के अभूतपूर्व विस्तार और आक्रमक राजनीति ने ज्यादातर विपक्षी दलों के लिए भविष्य तो छोड़िए, अस्तित्व का ही संकट पैदा कर दिया है। सच जब सामने आएगा, तब आएगा, लेकिन आज ज्यादातर विपक्षी दलों के नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोपों में सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियां का शिंकजा कसता जा रहा है। इसी शिकंजे के विरु द्ध शुरू हुई विपक्षी एकता की कवायद को मानहानि मामले में राहुल को सजा और फिर सांसदी समाप्ति से राजनीतिक आधार और नई गति मिली है। जो दल और नेता कल तक कांग्रेस—भाजपा से समान दूरी की बात कर रहे थे, आज संसद से सडक़ तक विपक्षी एकजुटता में कांग्रेस के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। इस एकजुटता को विपक्षी एकता का ताना—बाना पहनाना अब कांग्रेस की जिम्मेदारी ज्यादा है। संभव है निजी महत्त्वाकांक्षा भी हो, लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दोहरा ही रहे हैं कि उन्हें विपक्षी एकता के लिए कांग्रेस की पहल का इंतजार है।**



**राज कुमार सिंह**

राजनय से राजनीति में आये शशि थरूर ने जो गुगली फेंकी है, उसे खेल पाना कांग्रेस और उसके अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े के लिए आसान नहीं।

नेहरू परिवार का आशीर्वाद प्राप्त खडग़े से अध्यक्ष पद के चुनाव में भारी अंतर से हारने के बावजूद थरूर ने हिम्मत नहीं हारी है। हालांकि उम्रदराज खडग़े खुद कर्नाटक से आते हैं, लेकिन अपेक्षाकृत युवा थरूर चाहते हैं कि कांग्रेस कम-से-कम दक्षिण भारत में तो उन्हें अपना चेहरा बनाए। कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों को आगे लाते हुए व्यापक विपक्षी एकता की सार्वजनिक रूप से दी गई थरूर की सलाह भी इसी महत्त्वाकांक्षा से प्रेरित लगती है।

नहीं भूलना चाहिए कि दक्षिण भारत में ही क्षेत्रीय दलों का दबदबा ज्यादा है। इस सलाह से खासकर क्षेत्रीय दलों में थरूर की छवि स्वाभाविक ही बेहतर बनी होगी, जिसका लाभ उन्हें शायद भविष्य की राजनीति में मिल पाए। जैसा कि खुद थरूर ने टिप्पणी की: अगर वह नेतृत्व की भूमिका में होते तो ऐसा करते, जाहिर है, विपक्षी एकता की दिशा में पहल की रणनीति कांग्रेस नेतृत्व को ही तय करनी है। यह समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि उसमें सिर्फ खडग़े नहीं, बल्कि सोनिया-राहुल-प्रियंका गांधी की निर्णायक भूमिका होगी। वैसे थरूर ने सलाह गलत नहीं दी है। तटस्थ भाव से जमीनी राजनीति का आकलन करें तो साफ नजर आता है कि बिना व्यापक विपक्षी एकता के आगामी लोक सभा चुनाव में मोदी की भाजपा को हरा पाना नामुमकिन है।

विपक्षी दलों को भी इसका अहसास है, पर टकराव राजनीतिक हितों और महत्त्वाकांक्षाओं का है। बेशक आज भी लोक सभा में 52 सांसदों के साथ कांग्रेस सबसे बड़ा दल है, लेकिन उसकी ऐतिहासिक कमजोरी को ज्यादातर क्षेत्रीय दल अपने राजनीतिक हित में देखते हैं। ऐसा इसलिए भी कि वे या तो पूर्व कांग्रेसी नेताओं द्वारा बनाए गए हैं अथवा कांग्रेस से छीने गए जनाधार की जमीन पर उनकी राजनीति टिकी है। कांग्रेस को भी मन ही-मन यह बात सालती है कि उसे हाशिये पर धकेल कर उसी के जनाधार पर खड़े क्षेत्रीय दल अब राष्ट्रीय राजनीति का भी सपना देखने लगे हैं, पर नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के अभूतपूर्व विस्तार और आक्रमक राजनीति ने ज्यादातर विपक्षी दलों के लिए भविष्य तो छोड़िए, अस्तित्व का ही संकट पैदा कर दिया है। सच जब सामने आएगा, तब आएगा, लेकिन आज ज्यादातर विपक्षी दलों के नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोपों में सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियां का शिंकजा कसता जा रहा है। इसी शिकंजे के विरु द्ध शुरू हुई विपक्षी एकता की कवायद को मानहानि मामले में राहुल को सजा और फिर सांसदी समाप्ति से राजनीतिक आधार और नई गति मिली है। जो दल और नेता कल तक कांग्रेस-भाजपा से समान दूरी की बात कर रहे थे, आज संसद से सडक़ तक विपक्षी एकजुटता में कांग्रेस के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। इस एकजुटता को विपक्षी एकता का ताना-बाना पहनाना अब कांग्रेस की जिम्मेदारी ज्यादा है। संभव है निजी महत्त्वाकांक्षा भी हो, लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दोहरा ही रहे हैं कि उन्हें विपक्षी एकता के लिए कांग्रेस की पहल का इंतजार है।

वैसे भी अगर तृणमूल, सपा, बीआरएस और आप जैसे कुछ प्रमुख विपक्षी दल हाल तक भाजपा-कांग्रेस से समान दूरी की राजनीति की बात करते रहे हैं, तो उन्हें निकट लाने की पहल कांग्रेस को ही करनी होगी। आगामी लोक सभा चुनाव की दृष्टि से देखें तो क्षेत्रीय दलों की तुलना में कांग्रेस का राजनीतिक भविष्य ज्यादा दांव पर होगा। क्षेत्रीय दल अपने-अपने राज्यों में भाजपा का मुकाबला करने में समर्थ हैं, पर कांग्रेस महज तीन-चार राज्यों में भाजपा का मुकाबला करने या सरकार भी बना सकने की अपनी सामर्थ्य पर संतुष्ट होने का राजनीतिक जोखिम नहीं उठा सकती। इसलिए यह समझ पाना ज्यादा मुश्किल नहीं होना चाहिए कि विपक्षी एकता की कांग्रेस को ज्यादा जरूरत है, पर क्षेत्रीय दलों को आगे लाने के जिस फॉर्मूले का सुझाव थरूर ने दिया है, उसे अपनाने से पहले कांग्रेस को खुद अपनी राजनीति-रणनीति की बाबत बड़ा फैसला करना होगा। साफ कहें तो कांग्रेस को पहले यह तय करना होगा कि वह खुद जीतना चाहती है या भाजपा को हराना। प्रथम दृष्टया ये दोनों स्थितियां एक ही सिक्के के दो पहलू लग सकती है, पर ऐसा है नहीं।

अगर कांग्रेस की मंशा खुद जीतने की है तो वह अपना खोया हुआ जनाधार और स्थान वापस पाने के लिए क्षेत्रीय दलों से अपनी शर्तों पर गठबंधन की कोशिश करेगी, पर यदि एकमात्र उद्देश्य भाजपा को हराना है तो वह अपनी पुनरुत्थान-योजना को फिलहाल ठंडे बस्ते में डाल कर विपक्षी एकता के लिए जहां-तहां अपने तात्कालिक राजनीतिक हितों पर भी समझौता करने में संकोच नहीं करेगी। मसलन, जिस तरह कांग्रेस ने बिहार में राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल यूनाइटेड को तथा तमिलनाडु में द्रमुक को अपने बड़े भाई की भूमिका में स्वीकार कर लिया है, वैसे ही पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, ओडिशा में बीजू जनता दल आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस या तेलुगु देशम, तेलंगाना में बीआरएस, उत्तर प्रदेश में सपा तथा दिल्ली और पंजाब में आप को स्वीकार करना पड़ेगा। यह संदेश देना पड़ेगा कि राष्ट्रीय राजनीति में भी कांग्रेस क्षेत्रीय दलों की भूमिका का सम्मान करती है। कभी चंद्रबाबू नायडू, जॉर्ज फर्नाडीज और शरद यादव को राजग का संयोजक बना कर भाजपा ने यही संदेश दिया था। अगर सोनिया गांधी का स्वास्थ्य उन्हें इजाजत दे तो संप्रग काल के अनुभव के मद्देनजर शायद क्षेत्रीय दल गठबंधन के संयोजक के रूप में उनके नाम पर भी सहमत हो सकते हैं।

उस सूरत में कांग्रेस को विपक्षी गठबंधन को बहुमत मिलने पर सरकार के नेतृत्व के लिए अपना दावा छोडऩा पड़ेगा, जो अभी बहुत दूर की कौड़ी है। व्यापक राजनीतिक हित में जनता दल सेक्यूलर के नेता एचडी कुमारस्वामी को कर्नाटक का मुख्यमंत्री बना कर कांग्रेस अतीत में ऐसी समझदारी दिखा भी चुकी है, पर असल सवाल वही है : कांग्रेस खुद जीतना चाहती है या भाजपा को हराना? बेशक किसी भी राजनीतिक दल के लिए यह फैसला कर पाना आसान नहीं, पर ऐतहासिक मोड़ पर लिये जाने वाले फैसले आसान कहां होते हैं!

# घटते रसूख की मिसाल

संकेत हैं कि पश्चिम एशिया के देश अब अमेरिका का दामन छोड़ कर रूस के सहयोगी बन गए हैं। चूंकि ये देश पेट्रोलियम और गैस का भंडार हैं, इसलिए उनके रुख में ऐसा बदलाव पूरी दुनिया के लिए मायने रखता है।

तेल निर्यातक देशों के संगठन ओपेक+ ने अमेरिका को झटका दिया है। ओपेक में प्रमुख देश सऊदी अरब है। ताजा फैसले का सीधा संकेत है कि सऊदी अरब अमेरिका की मर्जी और मंशा की बिल्कुल परवाह नहीं कर रहा है। जिस समय पश्चिमी देशों में बमुश्किल महंगाई कुछ काबू में आती नजर आ रही थी, ओपेक+ ने तेल के रोजाना उत्पादन में कटौती का फैसला कर लिया। इससे विश्व बाजार में तेल के भाव फिर चढ़ गए हैं। स्पष्टतः ओपेक+ के निर्णय से महंगाई और बढ़ेगी। आम अनुमान है कि उसके परिणामस्वरूप विभिन्न देशों के सेंट्रल बैंक ब्याज दरें बढ़ाएंगे। उसका नतीजा अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर धीमी होने के रूप में तो सामने आएगा ही, साथ ही उससे अमेरिका और यूरोप का मौजूदा बैंकिंग संकट और भीषण रूप ले सकता है। दूसरी तरफ विश्व बाजार में कच्चे तेल का भाव बढऩे से रूस को फायदा होगा। ओपेक तेल निर्यातक देशों का संघ है। जब से रूस इससे जुड़ा इस संगठन को ओपेक प्लस के नाम से जाना जाता है।

रोजाना 11 लाख 60 हजार बैरल कम कच्चे तेल का उत्पादन करने का फैसला घोषित होने के तुरंत बाद विश्व बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढऩे लगी।

> **तेल निर्यातक देशों के संगठन ओपेक+ ने अमेरिका को झटका दिया है। ओपेक में प्रमुख देश सऊदी अरब है। ताजा फैसले का सीधा संकेत है कि सऊदी अरब अमेरिका की मर्जी और मंशा की बिल्कुल परवाह नहीं कर रहा है। जिस समय पश्चिमी देशों में बमुश्किल महंगाई कुछ काबू में आती नजर आ रही थी, ओपेक+ ने तेल के रोजाना उत्पादन में कटौती का फैसला कर लिया। इससे विश्व बाजार में तेल के भाव फिर चढ़ गए हैं।**

ओपेक ने कहा है कि यह फैसला तेल बाजार में स्थिरता लाने के मकसद से किया गया है। लेकिन अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता ने कहा है अभी बाजार में जैसा अनिश्चय है, उसे देखते हुए उत्पादन में कटौती उचित नहीं है। जाहिर है, अमेरिका को यह निर्णय पसंद नहीं आया है। इससे यह राय और मजबूत हुई है कि सऊदी अरब और ईरान के बीच संबंध सामान्य बनाने के लिए हुए समझौते से पश्चिम एशिया में अमेरिका का प्रभाव घटा है। उसके ऐसा लगता है कि अब उस क्षेत्र के देश फैसला लेने से पहले अमेरिका से राय-मशविरा करने की जरूरत नहीं महसूस कर रहे हैं। यह विश्व समीकरण में आया एक बड़ा बदलाव है। पश्चिम एशिया के देश अब रूस के सहयोगी बन गए हैं। चूंकि ये देश पेट्रोलियम और गैस का भंडार हैं, इसलिए उनके रुख में ऐसा बदलाव पूरी दुनिया के लिए मायने रखता है।

# नई डिवाइस से शिक्षा कैसे ?

**अजय दीक्षित**

यह सत्य है कि देश के 10 लाख सरकारी स्कूलों में से सिर्फ 2.47 लाख स्कूलों के पास इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। यह संख्या महज 24 फीसदी बैठती है। दिल्ली और चंडीगढ़ अपनी पीठ थपथपा सकते हैं कि वहां स्कूलों में सौ फीसदी इंटरनेट की उपलब्धता है। वैसे देश की राजधानी दिल्ली व दो प्रदेशों की राजधानी चंडीगढ़ में ऐसा होना कोई आश्चर्य की बात नहीं कही जानी चाहिए, क्योंकि ये शहर देश के नीति-नियंताओं के केंद्र हैं और यहां संरचनात्मक ढांचा सबल है। लेकिन बाकी राज्यों में पंजाब का बेहतर प्रदर्शन सुखद ही है। पंजाब में करीब 47 फीसदी सरकारी स्कूलों में इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हो सकी है। निस्संदेह, इसका श्रेय शिक्षा विभाग की सक्रियता और शिक्षकों की जागरूकता को दिया जाना चाहिए। लेकिन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से तीन तरफ से जुड़े हरियाणा के सरकारी स्कूलों में इंटरनेट की उपलब्धता का 29 फीसदी रहना चौंकाता है । सरकार की तरफ से स्कूलों में लाखों टैब व लेपटॉप बांटने व कई अभियानों के बावजूद प्रतिशत कम रहना एक यक्ष प्रश्न है । दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश में 27 फीसदी व जम्मू कश्मीर में महज 22 फीसदी स्कूलों में इंटरनेट कनेक्टिविटी हो पायी है। दरअसल, हाल ही में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को लोकसभा में बताया था कि देश के महज 24 फीसदी सरकारी स्कूलों में ही इंटरनेट की उपलब्धता है। जिसमें बिहार की स्थिति सबसे खराब है जहां महज 5.8 फीसदी स्कूलों में ही इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है। कमोबेश मिजोरम में 15.9 फीसदी सरकारी स्कूलों में इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है । उत्तर प्रदेश में 8.8 फीसदी की उपलब्धता भी चिंताजनक स्थिति को दर्शाती है । इसी तरह ओडिशा में भी महज आठ फीसदी सरकारी स्कूलों में इंटरनेट सेवा की उपलब्धता है । बड़े राज्यों में सबसे सुखद स्थिति केरल की बतायी जाती है जहां 94.5 फीसदी सरकारी स्कूल इंटरनेट कनेक्टिविटी से युक्त हैं। इसी तरह गुजरात में भी 94.1 फीसदी स्कूलों में इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि कोरोना संकट के दौरान देशव्यापी लॉकडाउन और अन्य संचार प्रतिबंधों के बीच सरकारी स्कूलों में शिक्षा का



> **दिल्ली और चंडीगढ़ अपनी पीठ थपथपा सकते हैं कि वहां स्कूलों में सौ फीसदी इंटरनेट की उपलब्धता है। वैसे देश की राजधानी दिल्ली व दो प्रदेशों की राजधानी चंडीगढ़ में ऐसा होना कोई आश्चर्य की बात नहीं कही जानी चाहिए, क्योंकि ये शहर देश के नीति-नियंताओं के केंद्र हैं और यहां संरचनात्मक ढांचा सबल है। लेकिन बाकी राज्यों में पंजाब का बेहतर प्रदर्शन सुखद ही है। पंजाब में करीब 47 फीसदी सरकारी स्कूलों में इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हो सकी है। निस्संदेह, इसका श्रेय शिक्षा विभाग की सक्रियता और शिक्षकों की जागरूकता को दिया जाना चाहिए। लेकिन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से तीन तरफ से जुड़े हरियाणा के सरकारी स्कूलों में इंटरनेट की उपलब्धता का 29 फीसदी रहना चौंकाता है । सरकार की तरफ से स्कूलों में लाखों टैब व लेपटॉप बांटने व कई अभियानों के बावजूद प्रतिशत कम रहना एक यक्ष प्रश्न है । दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश में 27 फीसदी व जम्मू कश्मीर में महज 22 फीसदी स्कूलों में इंटरनेट कनेक्टिविटी हो पायी है। दरअसल, हाल ही में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को लोकसभा में बताया था कि देश के महज 24 फीसदी सरकारी स्कूलों में ही इंटरनेट की उपलब्धता है।**

क्या हाल रहा होगा? छात्र- छात्राओं की पढ़ाई इन दो बाधित सालों में कितनी हो पायी होगी? वैसे भी इन सरकारी आंकड़ों को यदि सही मान भी लिया जाये तो सवाल उठता है कि इन सरकारी स्कूलों में कितने फीसदी शिक्षक इंटरनेट से शिक्षण के लिये दक्ष हैं? यह भी कि क्या कोविड महामारी जैसी आपातकालीन स्थितियों को एक नया अवसर बनाने में हम चूके हैं? यह मौका था कि हम सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का भरपूर लाभ उठाकर सरकारी स्कूलों को इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने में जुट जाते।

कहने को तो शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दावा किया था कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी यानी आईसीटी प्रयोगशालाओं के लिये एक हजार करोड़ रुपये व राज्यो व केंद्र शासित प्रदेशों में स्मार्ट कक्षाओं के लिये 909.6 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये हैं। लेकिन देखने वाली बात यह है कि कितने स्कूलों को इसका लाभ मिला और वहां इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हो पायी है

साथ ही शिक्षा मंत्री का यह भी कहना था कि दूरसंचार सुविधाओं में सुधार की जिम्मेदारी बीएसएनएल को दी गई है। यह बात पड़ताल की मांग करती है कि ये सरकारी प्रयास जमीनी स्तर पर कितने प्रभावी नजर आए हैं। लेकिन एक बात तो तय है कि देश में शिक्षा जगत में विभाजन कितना गहरा हो चला है। एक तरफ पांच सितारा निजी स्कूल हैं, जहां धनाढ्य वर्ग नीति-नियंताओं व संभ्रांत वर्ग के बच्चे प रहे हैं, वहीं सरकारी स्कूलों में इंटरनेट जैस मूलभूत जरूरत उपलब्ध ही नहीं है।

# चेहरे को गजब का निखार देगा एंटीऑक्सिडेंट तत्वों से भरपूर अनार



फल सिर्फ स्वास्थ्य ही नहीं बल्कि स्किन के लिए भी बहुत फायदेमंद होते हैं। कई फलों का इस्तेमाल फेस पैक के तौर पर किया जाता हैं। इन्हीं में से एक फल हैं अनार जो विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी इन्फ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होने के कारण चेहरे को गजब का निखार देने में मदद करता हैं। स्किन में अनार के नियमित इस्तेमाल से आप मुलायम और ग्लोइंग स्किन पा सकते हैं। आज इस कड़ी में हम आपको अनार से बने कुछ फेस पैक के बारे में बताने जा रहे हैं जिनके इस्तेमाल से स्किन पर होने वाले दाग, धब्बों, झुर्रियों, मुहांसों और हाइपरपिग्मेंटेशन से छुटकारा पाया जा सकता हैं। आइये जानते हैं इन फेस पैक के बारे में...

**अनार और दही का फेस पैक**

यह स्किन को टोन करने के लिए बेहद लाभदायक होता है। साथ ही ये स्किन में नमी को लॉक कर देता है, जिससे त्वचा ग्लो करने लगती है। दही और अनार का फेस पैक बनाने के लिए आपको सबसे पहले 1 चम्मच दही को 3 चम्मच अनार के जूस में मिक्स करना होगा। इसके बाद इन दोनों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें। ऐसा करने के बाद इसे एक अपने चेहरे पर लगा लें। करीब 15 से 20 मिनट बाद आप इसे अपने चेहरे से साफ कर लें। इसके लिए आप कॉटन की मदद लें। ऐसा हफ्ते में आप कम से कम 2 से 3 बार तक कर सकती हैं। लगातार इसका इस्तेमाल करने से आपका चेहरा खिला-खिला दिखाई देने लगेगा।

पिंपल्स और मुहांसों से राहत पाने के लिए अनार के दानों को ग्राइंड करके उसमें दो चम्मच दही एक बड़ा चम्मच शहद और ग्रीन टी का एक छोटा पैकेट मिलाकर अच्छे से मिक्स कर लें। सभी इंग्रेडिएंट्स का पेस्ट बनाकर चेहरे पर कम से कम 30 मिनट के लिए अप्लाई कर लें और बाद में 5 से 10 मिनट मसाज करके ठंडे पानी से चेहरा साफ कर लें।

**अनार और शहद का फेस पैक**

अनार और शहद दोनों ही चेहरे पर ग्लो लाने का काम करते हैं। यह फेस पैक त्वचा में क्लींसर का काम करता है और चेहरे पर मौजूद पोर्स को साफ करने के लिए बेहद फायदेमंद होता है। इस फेस पैक को चेहरे पर लगाने के लिए सबसे पहले आप 1 चम्मच शहद और 3 चम्मच अनार का जूस एक बाउल में लेना होगा। ऐसा करने के बाद आपको इन दोनों को अच्छी तरह से मिक्स करना होगा। मिक्स करने के बाद आप इस पैक को अपने चेहरे पर लगा लें। कम से कम 20 मिनट के बाद आप इस फेस पैक को कॉटन की मदद से साफ कर लें। ऐसा करने के बाद आप अपने चेहरे को साफ पानी से धो लें ताकि शहद और अनार का चिपचिपा पन निकल जाएं। इस फेस पैक का इस्तेमाल आप हफ्ते में करीब 2 बार कर सकती हैं।

**अनार और ओटमील का फेस पैक**

ओटमील में एंटीऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं इसके अलावा यह एक बेहतरीन स्क्रब की तरह भी कार्य करता है। इसका फेस पैक बनाने के लिए अनार को छील कर इसके दाने निकाल लीजिये। अब इन दानो को पीस कर पेस्ट बना लजिए और इसमें ओटमील पाउडर को मिक्स कर लीजिये। आप चाहें तो इसमें एक चम्मच शहद भी मिला सकते हैं। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं और 30 मिनट बाद चेहरा पानी से धो लीजिये।

# कर्नाटक में भाजपा जल्दी में नहीं है

कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी अभी उम्मीदवारों की घोषणा करने नहीं जा रही है। बताया जा रहा है कि पार्टी के उम्मीदवारों की पहली सूची 13 अप्रैल को आएगी। ध्यान रहे 13 अप्रैल को ही अधिसूचना जारी होगी और उसी दिन से नामांकन शुरू होगा। उससे पहले रविवार को भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी, जिसमें उम्मीदवारों का फैसला होगा। उससे पहले प्रधानमंत्री मोदी दक्षिण भारत का दौरा करके लौटेंगे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बताया है कि पार्टी ने हर सीट पर तीन तीन उम्मीदवारों के नाम तय किए हैं, जिनमें से एक उम्मीदवार का फैसला केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में होगा।

ध्यान रहे भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस ने 166 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पहले 124 और फिर 42 उम्मीदवारों की घोषणा हुई। अब उसे सिर्फ 58 उम्मीदवारों की घोषणा करनी है। भाजपा हमेशा समय से पहले उम्मीदवारों की घोषणा करती रही है, जबकि कांग्रेस के उम्मीदवारों के नाम आखिरी वक्त तक अटके रहते हैं। इस बार भाजपा देरी कर रही है तो उसका कारण यह है कि पार्टी को भगदड़ मचने का अंदेशा है।

कांग्रेस ने अपनी दूसरी सूची में भाजपा छोडऩे वाले दो विधायकों को टिकट दी है। तभी भाजपा को लग रहा है कि वह जिन विधायकों की टिकट काटेगी उनको कांग्रेस से टिकट मिल सकती है। पहले से ही भाजपा के कई नेता कांग्रेस के संपर्क में है।

इस भगदड़ को टालने के लिए भाजपा टिकट की घोषणा में देरी कर रही है। बताया जा रहा है कि कम से कम एक दर्जन भाजपा विधायकों की टिकट कट सकती है।

# बेहतर पाचन के लिए जरूरी है सही तरीके से पानी पीना

पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से भोजन को पचाने और पोषक तत्वों के अवशोषण में सहायता मिलती है, जिससे बेहतर पाचन की सुविधा मिलती है. शरीर के हाइड्रेट रखने के लिए भी पानी पीना जरूरी है. वहीं, पानी के बिना कब्ज से लेकर पेट फूलने तक कई तरह की पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं. जबकि हाइड्रेशन पाचन के लिए महत्वपूर्ण है, गलत तरीके से पानी पीने से पेट की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं. सही मात्रा में भोजन के साथ पानी पीने से पाचन में मदद मिल सकती है, लेकिन भोजन के साथ अधिक मात्रा में सेवन करने से समस्या हो सकती है.पानी के अलावा, रसीले फल, सब्जियां, दही, छाछ, जूस जैसे कई प्रकार के हाइड्रेटिंग खाद्य पदार्थ हैं जो निर्जलीकरण को रोकने में मदद कर सकते हैं. अच्छे स्वास्थ्य और सेहत को बनाए रखने के लिए हाइड्रेशन महत्वपूर्ण है. यह शरीर के तापमान को नियंत्रित करने, जोड़ों को चिकनाई देने, पोषक तत्वों के परिवहन और शरीर से अपशिष्ट को हटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. इसके अतिरिक्त, पर्याप्त पानी पीने से स्वस्थ पाचन में मदद मिल सकती है.पाचन वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा आपका शरीर भोजन को उसके घटक भागों में तोड़ता है, जिसे बाद में शरीर द्वारा अवशोषित और उपयोग किया जा सकता है. जब आप खाते हैं, तो आपका शरीर पाचन एंजाइमों और अन्य तरल पदार्थों को गुप्त करता है जो भोजन को पचाने और पाचन तंत्र के माध्यम से इसे स्थानांतरित करने में मदद करते हैं. हालांकि, यदि आप ठीक से हाइड्रेटेड नहीं हैं, तो आपका शरीर भोजन को प्रभावी ढंग से पचाने के लिए पर्याप्त पाचन तरल पदार्थ का उत्पादन नहीं कर पाता है. इससे कब्ज, सूजन और पेट दर्द सहित पाचन संबंधी कई समस्याएं हो सकती हैं।

# आईपीएल 2023 : रिंकू सिंह ने आखिरी के 5 गेंदों पर 5 छक्के लगाकर गुजरात के विजय रथ को रोका





अहमदाबाद, आईपीएल 2023 के मुकाबले लगातार खेले जा रहे हैं। हर रोज क्रिकेट फैंस को दिलचस्प मुकाबले देखने को भी मिलते हैं। रविवार को भी एक दिलचस्प मुकाबला खेला गया। मुकाबला केकेआर और गुजरात टाइटंस के बीच था। अब तक इस बार के आईपीएल में अपराजित रही गुजरात टाइटंस की टीम को केकेआर ने दिलचस्प मुकाबले में हरा दिया। हालांकि, एक समय तक रहा था कि गजरात टाइटंस इस मुकाबले को आसानी से जीत जाएगा। लेकिन कोलकाता के रिंकू सिंह ने वह कमाल कर दिखाया जिसकी हर रोज जमकर तारीफ हो रही है। रिंकू सिंह के बल्ले से निकली पारी ने रातो रात उन्हें स्टार बना दिया है।

राशिद खान की हैट्रीक के बाद केकेआर की जीत काफी मुश्किल लग रही थी। केकेआर को आखिरी ओवर में 29 रनों की दरकार थी। मैदान पर उमेश यादव और रिंकू सिंह मौजूद थे। उमेश यादव ने पहली गेंद पर 1 रन लेकर रिंकू सिंह को स्ट्राइक दिया। उसके बाद रिंकू सिंह ने जो कुछ भी किया वह अब इतिहास है। रिंकू सिंह ने आखिरी के 5 गेंदों पर 5 छक्के लगाकर गुजरात के विजय रथ को रोक दिया। रिंकू सिंह ने 21 गेंदों में छह छक्के और एक चौके की मदद से 48 रन बनाए। इसके बाद इस बार के आईपीएल से बाहर और कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए कप्तानी कर चुके श्रेयस अय्यर ने एक दिलचस्प वीडियो साझा किया है।रिंकू सिंह ने जैसे ही आखिरी गेंद पर छक्के लगाए, उसके बाद श्रेयस अय्यर उछल पड़े। अपने वीडियो में साफ तौर पर श्रेयस अय्यर रिंकू भैया जिंदाबाद के नारे लगाते दिख रहे हैं। इसके बाद श्रेयस अय्यर वीडियो कॉल पर सिंह से बात करते दिखाई दे रहे हैं। यहां भी रिंकू भैया जिंदाबाद के नारे लगाते दिख रहे हैं। रिंकू सिंह की तारीफ कर रहे हैं। इसी दौरान वीडियो कॉल पर नितीश राणा आते हैं। नितीश राणा ने श्रेयस अय्यर को बताया कि रिंकू सिंह कह रहा था कि पिछली बार की तरह इस बार भी छोड़ेगा नहीं, खत्म करके आएगा। रिंकू सिंह भी अपने दोनों ही कप्तानों का धन्यवाद करते दिखाई दे रहे हैं।

# ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में लगातार पांचवीं जीत से रीयाल मैड्रिड के करीब पहुंचा एटलेटिको



मैड्रिड,। एटलेटिको मैड्रिड ने रविवार को यहां रायो वालेकानो को 2–1 से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की और ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर चल रहे रीयाल मैड्रिड से अब सिर्फ दो अंक पीछे है। एटलेटिको की ओर से पहले हाफ में नेहुएल मोलिना और मारिये हरमोसो ने दो मिनट के भीतर दो गोल दागकर टीम की 11 मैच में नौवीं जीत सुनिश्चित की।

रायो को 62वें मिनट से 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा जब फ्लोरियन लेजेयुन को मैच से बाहर किया गया। रीयाल मैड्रिड को शनिवार को घरेलू मैदान पर विलारीयाल के खिलाफ 2–3 से हार का सामना करना पड़ा था। सोमवार को गिरोना से भिडने वाले बार्सीलोना ने शीर्ष पर मजबूत बढ़त बना रखी है। टीम मैड्रिड से 12 जबकि एटलेटिको से 14 अंक आगे है।



# भारत ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में तीन पदक जीते

अस्ताना, युवा पहलवान रुपिन ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में रविवार को यहां ग्रीको रोमन के 55 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीता जो सीनियर स्तर पर उनका पहला अंतर्राष्ट्रीय पदक है। उन्नीस वर्षीय रुपिन ने जहां रजत पदक हासिल किया वहीं नीरज ने ग्रीको रोमन के 63 किग्रा में जबकि सुनील कुमार ने 87 किग्रा में कांस्य पदक जीते। रुपिन ने क्वालिफि केशन से लेकर फाइनल तक शानदार प्रदर्शन किया लेकिन खिताबी मुकाबले में वह ईरान के पोया सोलत दाद मर्ज से 1–3 से हार गए।

# राहुल त्रिपाठी के तूफान में उड़ी पंजाब, सनराइजर्स को मिली पहली जीत



हैदराबाद, सनराइजर्स हैदराबाद ने टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल कर ली है। पंजाब के खिलाफ खेले गए मुकाबले में राहुल त्रिपाठी की दमदार अर्धशतीय पारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से जीत मिली है। इस दौरान पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन की 99 रनों की पारी बेकार गई और टीम को जीत नहीं दिला सकी।

हैदराबाद की टीम पंजाब द्वारा दिए गए 144 रनों का पीछा करने उतरी, जिसकी शुरुआत मयंक अग्रवाल और हैरी ब्रुक ने की। ओपनिंग जोड़ी ने हैदराबाद को अच्छी शुरुआत देने की कोशिश की मगर हैरी ब्रूक 13 रन बनाकर अर्शदीप सिंह का शिकार हो गए। इसके बाद राहुल त्रिपाठी और मयंक अग्रवाल का साथ देने क्रिज पर पहुंचे। दोनों ने टीम की पारी को संभाला मगर मयंक अग्रवाल 20 गेंदों में 21 रन बनाकर राहुल चाहर को अपना विकेट थमा बैठे। इसके बाद हैदराबाद की टीम को राहुल त्रिपाठी और एडिन मार्करम ने जीत की ओर आगे बढ़ाया है। राहुल त्रिपाठी ने 48 गेंदों में 74 और एडिन मार्करम ने 21 गेंदों में 37 रनों की पारी खेल कर टीम को पहली जीत का स्वाद चखाया है।

कप्तान शिखर धवन ने दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिलने के बावजूद नाबाद 99 रन की आकर्षक पारी खेली जिससे पंजाब किंग्स ने लेग स्पिनर मयंक मार्कंडेय की घातक गेंदबाजी के बाद भी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रविवार को यहां नौ विकेट पर 143 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। धवन ने शुरू से लेकर आखिर तक एक छोर संभाले रखा। उन्होंने अपनी पारी में 66 गेंदें खेली तथा 12 चौके और पांच छक्के लगाए। उनके अलावा केवल सैम करेन (15 गेंदों पर 22 रन) ही दोहरे अंक में पहुंचे। धवन ने मोहित राठी के साथ दसवें विकेट के लिए 30 गेंदों पर 55 रन की अटूट साझेदारी की। यानसन ने अपने अगले ओवर में जितेश शर्मा (चार) को मिड ऑफ पर आसान कैच देने के लिए मजबूर किया जिससे स्कोर तीन विकेट पर 22 रन हो गया। धवन और नए बल्लेबाज करेन ने इसके बाद कुछ अच्छे शॉट खेलकर पावरप्ले में स्कोर 43 रन पर पहुंचाया। यानसन लगातार तीसरा ओवर करने के लिए आए तो करेन ने उनका स्वागत छक्के और चौके से किया। दूसरी तरफ धवन ने कुछ शानदार चौके जड़े। ऐसे में मार्कंडेय ने गेंद संभाली और करेन ने उनकी गुगली पर शार्ट थर्ड मैन पर आसान कैच दे दिया।शीर्ष क्रम लडखड़ाने के कारण पंजाब किंग्स को नौवें ओवर में ही प्रभसिमरन की जगह सिकंदर रजा को ह्यइंपैक्ट प्लेयरह्व के रूप में उतारना पड़ा। उसका यह दांव भी नहीं चला और वह केवल पांच रन बनाकर मलिक की गेंद पर सीमा रेखा पर कैच दे बैठे। धवन एक छोर पर डटे रहे लेकिन दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे। मार्कंडेय ने शाहरुख खान (चार) को आते ही वापस भेज दिया जिन्हें पगबाधा के लिए लिया गया रिव्यू भी नहीं बचा पाया जबकि मलिक ने 148 किमी की रफ्तार से की गई गेंद पर हरप्रीत बरार (एक) की गिल्लियां बिखेरी।मार्कंडेय ने राहुल चाहर और नाथन एलिस को खाता भी नहीं खोलने दिया। धवन ने नटराजन पर लगातार दो छक्के लगाए। इनमें से पहले छक्के से उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा किया और दूसरे छक्के से टीम का स्कोर तिहरे अंक में पहुंचाया। उन्होंने इसके बाद मालिक पर दो छक्के और एक चौका जड़ा। धवन को पारी की अंतिम चार गेंदों पर शतक पूरा करने के लिए सात रन की जरूरत थी लेकिन वहां नटराजन की अंतिम गेंद को ही छक्के के लिए भेज पाए।

## फिल्मी सफर

# जूनियर एनटीआर ने ठुकराई वॉर 2 का ऑफर!



बॉलीवुड एक्टर ऋ तिक रोशन और टाइगर श्रॉफ की मूवी वॉर ने साल 2019 में बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाकर रख दिया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की थी, साथ ही पर्दे पर ऋतिक रोशन और टाइगर की जोड़ी को भी खूब पसंद किया था। वहीं कुछ ही वक्त पहले खबर आई थी कि वॉर की सफलता के बाद इसका सीक्वल यानी वॉर 2 भी पर्दे पर जल्द ही दस्तक देगी और इसमें साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर की भी एंट्री होगी। लेकिन ये बात कहीं न कहीं अफवाह ही साबित हुई। जूनियर एनटीआर से जुड़े सूत्रों ने बताया कि वह वॉर 2 नहीं करने वाले हैं।जूनियर एनटीआर से जुड़े सूत्रों ने बताया कि वह ऐसी किसी भी फिल्म में कदम नहीं रखेंगे, जिसमें पहले से ही दो हीरो मौजूद हों। हैदराबाद में मौजूद जूनियर एनटीआर के सूत्रों ने वॉर 2 की कास्टिंग पर कहा, आप लोग पागल हैं? जूनियर एनटीआर ऐसी किसी भी फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू नहीं करेंगे, जिसमें पहले से ही दो हीरो लीड में मौजूद हैं। सूत्रों की बातों से लग रहा है कि जूनियर एनटीआर, ऋतिक रोशन की वॉर 2 का हिस्सा बनने के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं हैं।

वॉर 2 से जुड़े सूत्रों ने बताया कि अभी फिल्म को लेकर केवल आईडिया ही लगाया गया है। इसकी कोई भी स्क्रिप्ट तैयार नहीं है, जिससे कास्टिंग तो दूर की बात है। फिल्म से जुड़े सूत्रों ने इस बारे में कहा, प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा ने पहले से ही तय किया था कि वॉर 2 का डायरेक्शन अयान मुखर्जी करेंगे। लेकिन इन सबसे परे अभी तक वॉर 2 के आईडिया के अलावा फिल्म के लिए कुछ भी नहीं किया गया है।

# जंपसूट में नेहा मलिक ने दिखाईं दिलकश अदाएं, फोटो देख आहें भरने लगे फैंस



भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक आए दिन अपनी बोल्ड लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस का दिल अपनी तरफ अट्रेक्ट करती रहती हैं। एक्ट्रेस जह भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो सोशल मीडिया पर सनसनी मचा देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं जिसमें वो बेहद ही गॉर्जियस दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपने फैशन सेंस और ग्लैमरस अदाओं के कारण चर्चाओं में बनी रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं जिसमें वो बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं। नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट तस्वीरों में मल्टीकलर सीक्वेंस वर्क जंपसूट पहना हुआ है। एक्ट्रेस का ये लुक फैंस को बेहद ही शानदार लग रहा है।

# पुष्पा 2 का टीजर जारी, अल्लू अर्जुन के प्रशंसकों मिला को जबरदस्त तोहफा



साउथ सिनेमा के सुपरस्टार अपनी नई फिल्म पुष्पाः द रूल को लेकर छाए हुए हैं. फैंस बेसब्री इस फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं.अब अल्लू अर्जुन ने अपने बर्थडे से पहले फैंस को स्पेशल तोहफा दिया है. उन्होंने फिल्म पुष्पा 2 का पोस्टर शेयर किया है, जिसमें वह बेहद खतरनाक लुक में नजर आ रहे हैं. उनका ये लुक चर्चा का विषय बन गया है.अल्लू अर्जुन ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फैंस को पुष्पाः द रूल के पोस्टर की झलक दिखाई है, जिसमें उनका लुक रौंगटे खड़े कर देने वाला है. पोस्टर में देखा जा सकता है कि अल्लू अर्जुन साउथ इंडियन साड़ी में दिख रहे हैं. उनके गले में नींबू की माला है. एक्टर चूड़ियां, अंगूठी और कई सारे नेकलेस पहने हुए नजर आ रहे हैं. अल्लू ने कमर पर बेल्ट भी पहनी है, जो महिलाएं ट्रेडिशनल कपड़ों के साथ पहनती हैं.पोस्टर में अल्लू अर्जुन का मल्टीकलर मेकअप ने भी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है. माथे पर बिंदी लगाई है, जो शिव की तीसरी आंख की तरह दिख रहा है. हाथ में बंदूक थामे अल्लू अर्जुन का ये लुक बेहद डरावना है. पुष्पाः द रूल के इस पोस्टर को देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं और कमेंट सेक्शन में रिएक्शंस दे रहे हैं. मेकर्स ने अल्लू अर्जुन के बर्थडे से एक दिन पहले पुष्पा 2 से एक वीडियो भी जारी किया गया है, जिसे खूब पसंद किया जा रहा है.गौरतलब है कि पुष्पा द राइज साल 2021 के दिसंबर महीने में रिलीज हुई थी.

इसमें अल्लू अर्जुन ने चंदन तस्कर पुष्पा का रोल निभाया था. रश्मिका मंदाना के साथ अल्लू अर्जुन की केमिस्ट्री को बहुत पसंद किया गया.

# ओटीटी शो डियर इश्क की शूटिंग पूरी, कलाकार हुए भावुक

स्ट्रीमिंग शो डियर इश्क ने हाल ही में अपनी शूटिंग पूरी की और इसके कलाकार भावुक हो गए। पहले सीजन के पर्दे के नीचे आने से पहले चालक दल ने 60 एपिसोड के लिए शूटिंग की।

मुख्य अभिनेता सेहबान अजीम सहित कलाकारों को उम्मीद है कि शो जल्द ही अपने दूसरे सीजन के साथ वापसी करेगा।सेहबान ने रैप के बारे में बात करते हुए कहा, यह एक अद्भुत अनुभव रहा है, ऐसा लगता है कि यह हमारे लिए बहुत कम समय रहा है। काश यह और लंबा होता। पता ही नहीं चला कि 60 एपिसोड कैसे बीत गए, मैं थोड़ा अभिभूत, थोड़ा उदास भी हुआ, लेकिन मुझे उम्मीद है कि दूसरे सीजन की शूटिंग जल्द ही पूरी होगी। मुझे क्रू डायरेक्शन टीम सहित इस पूरी टीम की कमी खलेगी। मैं उनमें से प्रत्येक के साथ फिर से काम करना चाहता हूं।आतिफ खान द्वारा निर्देशित और यश पटनायक और ममता पटनायक द्वारा निर्मित, बियॉन्ड ड्रीम्स एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड, यह शो एक बेस्ट–सेलिंग लेखक और एक पब्लिशिंग हाउस में काम करने वाली एक महिला के बीच खिलते प्यार की कहानी कहता है, दोनों खुद को मुंबई में पाते हैं।अभिनेत्री नियति फतनानी ने कहा, मैं बहुत भावुक महसूस कर रही हूं, यह सुंदर था, और मैं बस याद कर रही थी कि कुछ महीने पहले मैं एक मॉक शूट के लिए आई थी और वही मेकअप आर्टिस्ट वहां था और वह मुझसे कह रहा था कि वह सोचता है कि मैं ले लूंगा और आज हमारे आखिरी दिन वह मेरा मेकअप कर रहा था, तो मैं बस सोच रहा था कि समय इतनी जल्दी कैसे बीत जाता है।

# एमटीवी रोडीज 19 में प्रिंस नरूला होंगे गैंग लीडर, सामने आया टीजर

टीवी रियलिटी शो एमटीवी रोडीज सबसे पुराने और चर्चित शो में से एक है। करीब एक दशक से लंबे समय से यह युवाओं का पसंदीदा शो बना हुआ है। हाल ही में रोडीज 19 का टीजर जारी हुआ था, जिसके बाद शो को लेकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ गई थी। पिछली बार की तरह इस बार भी शो को सोनू सूद होस्ट कर रहे हैं। अब हर कोई नए सीजन के गैंग लीडर्स के बारे में जानने को उत्सुक है।

शो के पहले गैंग लीडर का नाम उजागर हो चुका है। नए सीजन के साथ प्रिंस नरूला रोडीज में वापसी कर रहे हैं। रोडीज 19 में वह गैंग लीडर के तौर पर नजर आएंगे। नरूला और एमटीवी रोडीज ने इंस्टाग्राम पर एक टीजर जारी किया है, जिसमें नरूला के गैंग लीडर बनने की पुष्टि की गई। नरूला ने कैप्शन में लिखा, आप सबने इतना बुलाया कि मैं चला आया। आता कैसै नहीं, हर खेल में इक्का जरूरी है।



प्रिंस नरूला खुद भी रोडीज एक्स 2 के विजेता रह चुके हैं। इसके बाद उन्होंने रोडीज एक्स 4, रोडीज राइजिंग और रोडीज एक्सट्रीम में गैंग लीडर की कमान संभाली थी।

उन्होंने कहा, रोडीज मेरे लिए घर जैसा है। मैं शो में वापस आकर बेहद उत्साहित हूं। भले ही यह जानी–पहचानी जगह है, लेकिन हर सीजन में नई चुनौतियां होती हैं, नए प्रतिभागी और नए ट्विस्ट्स होते हैं। मुझे भरोसा है कि रोडीज का नया सीजन यादगार होगा।

एमटीवी रोडीज छोटे पर्दे का लोकप्रिय एडवेंचर रियलिटी शो है। 2003 में इस शो की शुरुआत हुई थी और यह भारत के सबसे लंबे समय तक चलने वाले रियलिटी शोज में से एक है। इस शो के पहले सीजन को सइरस साहूकार ने होस्ट किया था। रणविजय सिंह पहले सीजन के विजेता थे। इसके बाद वह शो के होस्ट और फिर गैंग लीडर बने। रोडीज युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय है।

गैंग लीडर रणविजय सिंह कई सालों से इस शो से जुड़े हुए थे। वह एक तरह से शो का चेहरा बन चुके थे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com